श्रावण कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 15 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
18 जुलाई 2025 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम

## प्रधानमंत्री पांचवी बार बिहार पहुंचे, नीतीश संग सभा व सौगातें

# मोतिहारी से मोदी का मिशन चंपारण, 7 हजार करोड़ की योजनाएं व 21 सीटों पर सीधी नजर

**मोतिहारी, एजेंसी**

इस वक्त देश में सियासी सरगर्मी सिर्फ बिहार में नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पांचवी बार बिहार पहुंचे है। वे सीएम नीतीश कुमार के साथ मंच साझा कर रहे हैं और दोनों नेता राजद-कांग्रेस पर भी हमलावर रहे। दोनों नेताओं ने विकास कार्यों का भी उल्लेख जमकर किया। इससे पहले मोदी आज नीतीश के साथ खुली गाड़ी से लोगों का अभिवादन करते हुए मंच तक पहुंचे। इस मौके पर मोदी ने बिहार को 7196 करोड़ की परियोजनाओं की सौगातें भी दी हैं। मोदी आज मोतिहारी से पहले सीवान, भागलपुर, मधुबनी, पटना, शाहबाद के इलाके में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। आज उन्होंने सिर्फ पूर्वी चंपारण के लिए 700 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया तथा देश के लिए 4 अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इनमें से एक ट्रेन मोतिहारी से दिल्ली के बीच चलेगी।



बिहार में चंपारण बेल्ट को भाजपा का सबसे मजबूत बेल्ट माना जाता है, जिस पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश में जुटी है। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी से विकास की सौगात के मायने भी यही हैं। एक बात साफ है कि पीएम मोदी के मोतिहारी दौरे का सियासी असर पूर्वी और पश्चिमी चंपारण दोनों ही जिलों पर पड़ेगा, क्योंकि दोनों ही जिले एक दूसरे से सटे हुए हैं। खास बात यह कि 2020 के चुनाव में नीतीश के एनडीए में होने का लाभ भाजपा को मिला था, लेकिन 2015 में उनके अलग होने का खामियाजा चंपारण बेल्ट में उठाना पड़ा था। तब पूर्वी चंपारण की 12 विधानसभा सीटों में से एनडीए के खाते में महज 5 सीटें आई थी। सीटें ही नहीं बल्कि वोट प्रतिशत में भी बीजेपी की गिरावट आई थी।

### चुनाव के ऐलान से पहले सक्रियता

दरअसल बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और माना जा रहा है कि सितंबर तक इसका ऐलान हो जाएगा। बिहार में नीतीश सरकार अभी केद्र के एनडीए गठबंधन के साथ है और राजद-कांग्रेस वाले गठबंधन के साथ फिर जोरदार ?मुकाबले के आसार हैं। जानकारों का मानना है कि कांग्रेस 2020 के मुकाबले इस बार कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो सकती है। जबकि कांग्रेस लगभग 50 से 60 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। पार्टी का ध्यान जीतने की क्षमता पर ज्यादा है, ताकि गठबंधन में मनमुटाव न हो। पिछली बार उसने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल 19 सीटें ही जीत पाई थी। राजद के नेतृत्व वाला गठबंधन बहुमत से चूक गया था, जिसका दोष कांग्रेस पर लगा था। अन्य दलों जैसे सीपीएम, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) ने कांग्रेस से बेहतर प्रदर्शन किया था। हालांकि डेढ वर्ष पहे कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में जोरदार प्रदर्शन किया है और सीटें भी जीती हैं। लेकिन हरियाणा व महाराष्ट्र में हार के बाद सहयोगियों के बीच उसकी छवि थोड़ी कमजोर हुई है। उधर बिहार में अभी राजद और वामपंथी दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर अभी बातचीत चल रही है।

## पश्चिमी देश के दोहरे मापदंड पर भारत की दो टूक

**नई दिल्ली।** भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदने पर नाटो चीफ मार्क रूट की धमकियों का बिना लाग लपेट जवाब दे दिया है।



भारत ने पश्चिमी देशों को कहा है कि वे ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर दोहरा मापदंड नहीं अपनाएं। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रूट की धमकियों पर कहा कि उनके बॉस का दिमाग किसी भी प्रेशर को महसूस करने के लिए नहीं बना है। मंत्री ने कहा कि फरवरी में जब रूस और यूक्रेन के बीच सैन्य टकराव हुआ तो हम अपनी कुल जरूरतों का दशमलव 2 प्रतिशत क्रूड ऑयल रूसी फेडरेशन से खरीद रहे थे। आज ये निश्चित रूप से बहुत बढ़ गया है क्योंकि भारत अपने तेल सप्लाई में विविधता लाया है. पहले हम 27 देशों से तेल खरीदते थे अब ये संख्या बढ़कर 40 हो गई है।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने दोषी ठहराने की वैधता को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने दिल्ली के अपने आधिकारिक आवास पर नकदी बरामद होने के मामले में दोषी ठहराए जाने की कार्रवाई की वैधता को उ'चतम न्यायालय में चुनौती दी है। न्यायमूर्ति वर्मा ने एक रिट याचिका दायर कर अपने मामले में गठित न्यायाधीशों की एक विशेष समिति की आंतरिक जाँच रिपोर्ट में दोषी ठहराए जाने की कार्रवाई की वैधता को चुनौती दी है। उन्होंने याचिका में आंतरिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया से इनकार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने न्यायाधीशों उक्त समिति की जाँच शुरू करने से पहले औपचारिक शिकायत दर्ज न किए जाने का मुद्दा भी उठाया। न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि 22 मार्च, 2025 को उनके खिलाफ आरोपों का खुलासा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति अपलोड करने के शीर्ष अदालत के कृत्य से मीडिया में तीखी अटकलें लगाई गईं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और गरिमा धूमिल हुयी है।

## आखिरी कारोबारी दिन कमजोर नजर आ रहे सेंसेक्स-निफ्टी

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज शुक्रवार को सेंसेक्स दो सौ अंक गिरकर



82,050 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि निफ्टी में करीब 50 अंक की गिरावट है, ये 25,070 के स्तर पर है। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानि कल गुरुवार को सेंसेक्स 375 अंक गिरकर 82,259 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 101 अंक की गिरावट रही, ये 25,111 पर आ गया है।

## बिहार में बिजली गिरने से 17 मौतें, गंगा उफान पर

**नई दिल्ली।** बिहार में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुई। वैशाली में 4, बांका और पटना 2-2 लोगों की जान चली गई। वाराणसी में गंगा उफान पर हैं। नदी का जलस्तर हर घंटे 1 सेमी बढ़ रहा है। इसके अलावा वरुणा नदी भी उफान पर है। करीब 30 हजार घरों ने बाढ़ का पानी आने से पहले ही पलायन की तैयारी शुरू दी है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में अब तक 110 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 1200 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। एक दिन के ब्रेक के बाद अमरनाथ यात्रा शुक्रवार फिर से शुरू कर दी गई है। पिछले कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में हुई भारी बारिश और 16 जुलाई को बालटाल रूट पर लैंडस्लाइड के बाद यात्रा रोक दी गई थी।

## मोहन का मिशन स्पेन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बार्सिलोना में कूलिंग टेक्नोलॉजी में अग्रणी कंपनी 'सबमर' के डाटा सेंटर का भ्रमण किया।

## दिल्ली-बेंगलुरु के स्कूलों में बम की धमकी से हड़कंप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजधानी दिल्ली के बाद आज भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बंगलूरू के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जिसके बाद बंगलूरू प्रशासन सतर्क है, पुलिस ने बताया कि आरआर नगर और केंगेरी सहित बेंगलुरु शहर के 40 निजी स्कूलों को आज बम की धमकी भरे ईमेल के बाद सभी स्कूलों में तलाशी और जांच शुरू कर दी गई। इससे पहले दिल्ली में 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। तड़के पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल में बम होने की सूचना मिली। सूचना ई-मेल के जरिए तड़के 4.55 बजे मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय



पुलिस के साथ साथ बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता और दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए ।

## अमेरिका ने पाक समर्थित टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी की लिस्ट में डाल दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। रुबियो ने लिखा कि लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा और प्रॉक्सी टीआरएफ ने 22 अप्रैल को भारत के पहलगाम में हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। यह 08 में मुंबई हमलों के बाद लश्कर का भारत में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों पर कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 का हमला भी शामिल है। रूबियों ने कहा है कि यह कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति ट्रम्प प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दरअसल, टीआरएफ एक आतंकी संगठन है जो मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। यह



अक्सर ऐसे लोगों को भर्ती करता है जो आम नागरिकों जैसे दिखते हैं, लेकिन गुप्त रूप से आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इन्हें हाइब्रिड आतंकवादी कहा जाता है। भारत सरकार ने 5 जनवरी,2023 कोइसे आतंकी संगठन घोषित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लिखा कि भारत-अमेरिका आतंकवाद विरोधी सहयोग की मजबूत पुष्टि हुई व मार्को रुबियो को धन्यवाद कि उन्होंने टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकी घोषित किया। ज्ञात हो कि टीआरएफ पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने के 4 दिन बाद मुकर गया था। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें आतंकियों ने 26 पर्यटकों की जान ले ली थी।

## चॉल ढही, लोगों को मलबे से निकालने का काम जारी



**मुंबई, एजेंसी**

आज सुबह यहां उपनगर बांद्रा में एक चॉल का कुछ हिस्सा ढह गया। फायर सर्विस की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। मलबे से 12 लोगों को निकाला जा चुका है। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत और बचाव का काम जारी है। घटना सुबह 7.50 बजे हुई। शुरुआती जांच के अनुसार, इमारत में एक सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद कुछ लोग घायल हो गए।

## बघेल के निवास पर ईडी की दबिश, बेट गिरफ्तार

**रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम भी जुड़ रहा है। आज शुक्रवार



सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निजी निवास स्थान पर दबिश दी है। इसकी जानकारी खुद बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पोस्ट कर दी है। बाद में ईडी ने उनके बेटे चैतन्य को गिरफ्तार कर लिया। आज ही चैतन्य का जन्म दिन भी है। इससे पहले ईडी टीम ने होटल कारोबारी विजय अग्रवाल के भिलाई स्थित निवास के साथ होटल और कई अन्य ठिकानों पर छापा मारा था। अग्रवाल के जुड़े गोवा और दिल्ली के ठिकानों पर भी टीम ने दबिश दी थी। जिसमें ईडी को 70 लाख रुपये नगद बरामद हुए थे। अग्रवाल पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं। बघेल ने ट्वीट में लिखा- ईडी आ गई,आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है, अडानी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा उठाना था। भिलाई निवास में 'साहेब' ने ईडी भेज दी है।

**मेट्रो एंकर**

## 18 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद अब डॉक्टरों की निगरानी में

# जमीन पर सीधे चलने की कोशिश में एस्ट्रोनॉट शुभांशु

**लखनऊ एजेंसी**

लगभग 41 वर्ष बाद अंतरिक्ष यात्रा करने वाले भारतीय यात्री बने शुभांशु शुक्ला अब डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उन्होंने खुद अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा- अंतरिक्ष से लौटकर अब फिर से चलना सीख रहा हूं। जैसे धरती से अंतरिक्ष में जाने पर कई तरह के बदलाव होते हैं। उसी तरह के बदलाव लौटने के बाद भी होते हैं। अंतरिक्ष से लौटने के बाद सीधा चलना भी चुनौती बन जाता है।

शरीर की प्रतिक्रिया धीमी हो जाती है व संतुलन बिगड़ता है। इन सबसे मानसिक तनाव भी होता है, लेकिन ये सभी बदलाव अस्थायी होते हैं। समय के साथ शरीर खुद को फिर से संतुलित कर लेता है।

गौरतलब है कि एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए थे। 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4.01 बजे ढ्रस्स पहुंचे थे। 18 दिन रहने के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौट थे। कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई थी। अब शुभांशु ने लिखा- धरती पर हम गुरुत्वाकर्षण के वातारण में बड़े होते हैं। हमारा शरीर इसके अलावा कुछ और नहीं जानता है। अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण रहित यानी माइक्रो ग्रेविटी में रहने का शरीर पर कई तरह से असर पड़ता है। अंतरिक्ष में शरीर से तरल पदार्थ कम होने लगते हैं। दिल की धड़कन धीमी हो जाती है,



क्योंकि दिल को खून ऊपर की ओर पहुंचाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती। इससे उसका काम आसान हो जाता है और वह धीमा हो जाता है। अंतरिक्ष में शरीर का संतुलन बनाए रखने वाली प्रणाली पूरी तरह प्रभावित होती है। इसलिये उसे नए वातावरण के हिसाब से ढलना पड़ता है। हमारा शरीर गुरुत्वाकर्षण के अनुसार डिजाइन हुआ है।

अंतरिक्ष में जब वह गुरुत्वाकर्षण के बिना होता है, तो हर अंग को नए सिरे से काम करना पड़ता है। हालांकि, शरीर जल्दी ही खुद को इस नए वातावरण में ढाल लेता है।

अंतरिक्ष यात्रा से लौटने के बाद यात्री सामान्य महसूस करने लगते हैं। इसी तरह के बदलाव धरती पर लौटने के बाद भी होते हैं। सीधा चलना जैसे साधारण काम भी चुनौती बन जाते हैं। शरीर की प्रतिक्रिया धीमी हो जाती है। संतुलन बिगड़ता है। इन सबसे मानसिक तनाव भी होता है, लेकिन ये सभी बदलाव अस्थायी होते हैं। इन प्रभावों को समझना जरूरी है, क्योंकि इससे लंबी अंतरिक्ष उड़ानों के लिए समाधान तैयार किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि धरती पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला ने दो दिन पहले पत्नी कामना और 6 साल के बेटे किआंश से मुलाकात की थी। शुभांशु ने पत्नी को गले लगाया और बेटे को गोद में उठाया था।

## कर्नाटक के सीएम नहीं रहे.. मेटा पर भड़के सिद्धारमैया

बेंगलुरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा के ट्रांसलेशन



फीचर पर आपत्ति जताई है। दरअसल सिद्धारमैया ने ङ्ग पर एक्ट्रेस बी सरोजादेवी के निधन पर शोक संदेश पोस्ट किया था। यह पोस्ट कन्नड़ में था, पोस्ट पर ही इंग्लिश में ट्रांसलेशन का फीचर था। इसे क्लिक करने पर लिखा आया कि कर्नाटक सीएम का निधन हो गया है। अब सिद्धारमैया की तरफ से मेटा को लेटर भेजा गया है, जिसमें कहा गया कि वे अपने कन्नड़ ऑटो-ट्रांसलेशन फीचर को तब तक के लिए बंद कर दें, जब तक वह तथ्यों को तोड़-मरोड़ना बंद करना नहीं सीख लेता। इससे पहले 15 जुलाई को कर्नाटक सीएम ऑफिस ने पोस्ट किया था, जिसमें सिद्धारमैया एक्ट्रेस की तस्वीर पर फूल चढ़ाते दिख रहे थे। हालांकि इस पोस्ट को ट्रांसलेशन करने में मेटा से गड़बड़ी हो गई।

# पति ने नहीं दिया भरण पोषण, प्राधिकरण ने कराई सुलह, अब देने होंगे 5 लाख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पति द्वारा भरण-पोषण नहीं देने पर महिला द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में लगाई गई गुहार के बाद दोनो की सुलह कराई गई है।?इसके तहत पति अब बेटी और पत्नी के लिए भरण-पोषण के रूप में एकमुश्त पांच लाख रुपए की राशि देगा। इसमें से ढाई लाख की राशि एफडी के रूप में बेटी के लिए जमा होगी। साथ ही पिता बेटी की समस्त जिम्मेदारी भी निभाएगा। मामले में पति किसी कीमत पर पत्नी को साथ रखने तैयार नहीं है। समझाइश के बाद पति ने भरण-पोषण के रूप में पांच लाख रुपए एकमुश्त देने पर राजीनामा किया गया है। साथ ही वह आवेदिका को उसके सारे गहने भी वापस करेगा। 5 लाख में से वह पत्नी को ढाई लाख की एफडी सौंपेगा, जिसकी नॉमिनी बेटी होगी। यह मामला घरेलू कलह से जुड़ा हुआ था और पत्नी

### घरेलू कलह से शुरू हुआ मामला, अब पति कराएगा बेटी के नाम की एफडी

का कहना है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद उसका पति से विवाद शुरू हो गया था।



### यह है पूरा मामला

मामले में पत्नी ने प्राधिकरण से अपना हक दिलवाने की गुहार लगाते हुए बताया कि पति ने चार साल से भरण पोषण नहीं दिया है। पत्नी के अनुसार, उसकी शादी 2009 में हुई है और 14 साल की बेटी भी है। आवेदिका के मुताबिक पति लंबे समय से उससे अलग रह रहे हैं। पत्नी ने बताया कि पति द्वारा मारपीट करने के कारण परेशान होकर उसने केस दर्ज कराया था। इसके बाद न्यायालय की ओर से बेटी के भरण-पोषण की खातिर हर माह 1500 रुपए देने के आदेश पति के लिए जारी हुए थे। पत्नी ने कहा कि पति अब यह भरण-पोषण सालों से नहीं दे रहे हैं जबकि वो दूसरा बिजनेस शुरू कर चुके है और वो अच्छा चल रहा है। वहीं, वो मां-बेटी आर्थिक तंगी से गुजर रही हैं। पत्नी ने पति को समझाने की दरख्वास्त की थी।

## एमपी नगर की सड़क पर 10 फीट का गड्ढा हुआ, बाल-बाल बचे राहगीर

### आनन फानन में शुरू हुआ मरम्मत का काम

# सड़क ने सच साबित कर दी अपने मंत्री की बात !

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

अभी तो राजधानी में बारिश का का पहला दौर ही चल रहा है लेकिन सड़कों ने जवाब दे दिया है। ऐसा लगता है की राजधानी की सड़कें अपने विभाग के मंत्री की बातों को सही साबित करने में जुटी हैं। दरअसल हाल ही में लोक निर्माण मंत्री ने कहा था कि जब तक सड़के है तब तक गड्ढे होते रहेंगे, लिहाजा गत दिवस राजधानी के सबसे व्यस्त इलाके एमपी नगर की सड़क न सिर्फ धंस गई बल्कि बड़ा गढ़ा हो गया ग्वालियर के बाद अब रभोपाल में कॉमर्शियल इलाके को जाने वाली मुख्य सड़क प्लास्टिक की तरह टूट गई और सड़क के किनारे करीब दस फीट का गड्ढा हो गया. गनीमत रही कि ये जब ये गड्ढा बना तब उस हिस्से पर कोई वाहन चालक नहीं था वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी.

ग्वालियर की एक स़ड़क का गड्ढा सोशल मीडिया पर वायरल हाल में हुआ था. तकरीबन उसी तरह अब राजधानी भोपाल की एक सड़क का गड्ढा चर्चा में आ गया है।शहर के हाई ट्रैफिक में गिने जाने वाले एमपी नगर की ओर जाने वाली ये सड़क अचानक कोने से धंस गई. गड्ढे की वजह से कुछ देर जाम भी रहा. लेकिन बाद में वाहन चालकों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर यहां पर बैरिकेड्स लगा दिये गए ताकि कोई हादसा ना साबित कर दी। आनन फानन इसकी मरम्मत की भी तैयारी शुरू कर दी गई। हालांकि तब तक विभाग की कलई खुल चुकी थी और यहां तमाम मीडिया कर्मी और कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा भी लग गया था।ग्वालियर के बाद भोपाल में सड़क पर हुए गड्ढे को लेकर कांग्रेस ने मुद्दा बनाया। पार्टी के प्रवक्ता अभिनव बरोलिया ने धंसी हुई सड़क को लोकनिर्माण विभाग के करप्शन के नए उदाहरण की तरह पेश किया




और यहां पालती मार कर बैठ गए।

उधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवरी ने भी इस सड़क का वीडियो अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किया है. उन्होने लिखा है कि प्रदेश की इस गति से प्रदेश स्तब्ध है। उधर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने सरकार पर तंज करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में अब सड़क केवल ज़मीन पर ही नहीं गड्ढों में भी मिलती है. भोपाल के बीचो-बीच ज्योति टॉकीज चौराहे के सामने एक बार फिर पीडब्ल्यूडी की साख धंस गई. इस बार सड़क के साथ. आठ फीट गहरा गड्ढा गवाही दे रहा है कि डबल इंजन सरकार का विकास सिर्फ घोषणाओं में है जमीन पर नहीं।





## जेवर व नवी मुंबई से उड़ानें

# नए विकल्प: नए एयरपोर्ट से सबसे पहले जुड़ेगा भोपाल



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

इस वर्ष जैसे हे नवीं मुंबई एवं नोएडा के जेवर एयरपोर्ट से हवाई यातायात शुरू हो जाएगा, इन शहरों के लिए पहले ही चरण में भोपाल जुड़ जाएगा। विंटर सीजन में इन शहरों तक सीधी उड़ान मिलने लगेगी। इंडिगो एवं एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इन शहरों के लिए स्लाट लेने में रुचि दिखाई हैअक्टूबर माह के अंत में नया विंटर शेड्यूल लागू होता है। इस शेड्यूल में कई उड़ानों की समय-सारिणी बदल जाती है। कुछ नए रूट जुड़ते हैं। इस बार इंडिगो ने नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की पेशकश की है।

बताया जाता है कि इंडिगो ने भोपाल से बंद हो चुकी कोलकाता, लखनऊ एवं गोवा उड़ान भी फिर से प्रारंभ करने पर चर्चा की है। एयरपोर्ट अथारिटी ने इन सभी शहरों तक स्लाट देने की सहमति दी है। नोएडा एयरपोर्ट जल्द ही एयर ट्रेफिक शुरू होने की संभावना है। विमान संचालन शुरू होते ही भोपाल इससे जुड़ जाएगा।

एयर इंडिया एक्सप्रेस भी विंटर सीजन में भोपाल में दस्तक देगा।

### छोटे शहर की कनेक्टिविटी बढ़ेगी

भोपाल से विंटर सीजन में रीवा, सतना एवं दतिया जैसे छोटे-छोटे शहरों तक भी कनेक्टिविटी बढ़ने की संभावना है। फ्लाय बिग ने उड़ान योजना के तहत रीवा एवं दतिया उड़ान के फेरे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। अलाइंस एयर भी रीवा एवं इंदौर के लिए उड़ान प्रारंभ कर सकता है।

कंपनी ने बेंगलुरू तक दो उड़ानें शुरू करने की तैयारी की है। इसके अलावा कंपनी नवीं मुंबई तक सीधी उड़ान शुरू करेगा। नवीं मुंबई एयरपोर्ट से सितंबर के अंतिम सप्ताह से उड़ान संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

यहां से उड़ानें शुरू होने के बाद यात्रियों के पास मुंबई के मुख्य एयरपोर्ट के अलावा नवीं मुंबई तक जाने का भी विकल्प होगा। मुंबई में रोड ट्रैफिक को देखते माना जा रहा है नया एयरपोर्ट यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

## स्वच्छता अवार्ड मिलने पर उत्सव

# राजधानी को संवारने की छोटी-छोटी पहल ने निभा दिया बड़ा रोल

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजधानी ने स्वच्छता और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऐतिहासिक छलांग लगाते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देशभर में दूसरा स्थान हासिल करने के बाद से तथा राष्ट्रपति से अवॉर्ड मिलने के बाद से ही शहर में उत्सव का माहौल है। माता मंदिर स्थित नगर निगम मुख्यालय पर सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया, फूल बरसाए गए और मिठाई बांटी गई। वहीं वीआईपी रोड पर स्वच्छता में भोपाल के दूसरे नंबर पर आने का जश्न मनाया गया। इसके बाद सफाईकर्मियों ने यहां तुरंत सफाई भी कर दी। माना जाता है कि भोपाल ने सफाई और सुंदरता के लिये जो कदम पिछले दिनों उठाए थे वे छोटे नजर आ रहे थे लेकिन अवार्ड जीतने में बडे कारगर साबित हुए हैं।

दरअसल, शहर में पांच नए गारबेज ट्रांसफर स्टेशन बन गये थे, जिससे कचरा संग्रह और परिवहन आसान होता गय। आदमपुर छावनी में मटेरियल रिकवरी सेंटर बनाया गया है हालांकि अभी पूरी तरह चालू नहीं है। वहीं प्लास्टिक, थर्माकोल, सीएंडडी मलबा और नारियल के कचरे के लिए प्रोसेसिंग यूनिट्स शुरू की गईं, जिससे लैंडफिल पर दबाव घटा और रिसाइक्लिंग को बढ़ावा मिला। कचरा संग्रहण क्षमता में सुधार~ 125 नई सीएनजी गाड़ियां शामिल हुईं , जिससे ईंधन लागत और प्रदूषण में कमी आई। दो श्रेडर और एक लिटर पिकिंग मशीन जोड़ी गईं, जो भारी और सूक्ष्म कचरे को निपटाने में सक्षम हैं। इसके अलावा 6 नई रोड स्वीपिंग मशीनें जुड़ने से कुल 10 हुई। अब अधिक क्षेत्रों में मशीनों से सफाई हो रही है।बायो-वेस्ट प्रबंधन डेड एनिमल इनसीनेटर और रेंडरिंग प्लांट से मृत जानवरों के निपटान के साथ दुर्गंध और संक्रमण की आशंका कम हुई है।

### ग्रीनरी और पेंटिंग भी काम आई

उल्लेखनीय है कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का अयोजन भी शहर के सौंदर्य व सफाई के लिये बहुत काम आया। जनवरी-फरवरी में शहरभर में पौधे, घास और फूल लगाए गए। सड़कों की दीवारों को पेंटिंग से सुंदर बनाया गया और नालों को ढकने के लिए रंगीन व्यू कटर लगाए गये थे। इसके अलावा 25 नए फाउंटेन लगाये हैं और साइन बोर्ड~ सड़कों पर मार्किंग, साइन बोर्ड लगाए। शहर को ओडीएफ और वाटर+ में पूरे 1200 अंक और कचरा मुक्त शहर रेटिंग में पूरे 1300 अंक मिले हैं। कुल 12500 अंकों में से 9567 अंक हासिल कर शहर ने सुपर स्वच्छ लीग में जगह बनाई है।

## मिठी नवनिध स्कूल के बच्चों ने देखी सितारे ज़मीन पर फिल्म

**हिरदाराम नगर।** मिठी स्कूल ने विद्यार्थियों में भावनात्मक संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए एक अनोखी पहल की। छात्रों को सिनेपोलिस में प्रेरणादायक फिल्म तारे ज़मीन पर दिखाई फिल्म का उद्देश्य ऑटिज्म और डाउन सिंड्रोम जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे बच्चों के प्रति छात्रों में सहानुभूति और समझ विकसित करना था। यह शो स्कूल समय में आयोजित किया गया, जहाँ छात्रों ने फिल्म का आनंद लेने के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी आत्मसात किया। स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने बताया, ऐसे आयोजन छात्रों के मानसिक, नैतिक और भावनात्मक विकास के लिए आवश्यक हैं। बच्चों ने इस फिल्म से धैर्य, करुणा, सहिष्णुता और सकारात्मक सोच जैसे गुण सीखे। स्कूल प्रबंधन भविष्य में भी ऐसे संवेदनशीलता वाले कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है।

### ब्लाइंड पीपल एसोसिएशन के सम्मेलन में मिला सम्मान

# सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य पुरस्कार से नवाजा गया सेवासदन चिकित्सालय

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को अहमदाबाद में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में इस वर्ष का ÷सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य पुरस्कार÷ प्रदान किया गया। एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाला यह सम्मान नीमच के जी.डी अग्रवाल गोमाबाई नेत्रालय द्वारा प्रायोजित है, जो नेत्र चिकित्सा संस्थानों को उनके सेवा कार्यों और अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाता है। ब्लाइंड पीपल एसोसिएशन के 19वें



राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन में सेवा सदन की ओर से यह पुरस्कार प्रबंध न्यासी ए.सी. साधवानी और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रेरणा उपाध्याय ने ग्रहण किया। इस दौरान ट्रस्टी तुलसी आडवानी और राजकुमार मूलचंदानी भी उपस्थित थे। इंटरनेशनल एन.जी.ओ. विजन 2020~राइट टु साइट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेश सैनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी समारोह में मौजूद रहे। सेवा सदन के डायरेक्टर कुशल धर्मानी, हॉस्पिटल मैनेजर भारती जनियानी और अनुशा तिवारी पाठक ने भी अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। संस्थागत पुरस्कार के साथ, सेवा सदन के कंसल्टेंट कर्नल डॉ. मदन देशपांडे को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**मैट्रो एंकर** | भाजपा गुरूनानक मंडल ने मनाया जश्न

# स्वच्छता में भोपाल की छलांग पर स्वच्छता सेवकों का सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

भोपाल देश का दूसरा सबसे साफ शहर का अवार्ड मिलने पर गुरुनानक मंडल ने राजा भोज प्रतिमा पर स्वच्छता सेवकों का शाल, श्रीफल, पगड़ी पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मान किया। शहरवासियों ने जमकर आतिशबाजी की।।

बता दे भोपाल की उपलब्धि भोपाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में तीन पायदान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। पिछले वर्ष भोपाल पांचवें स्थान पर था। कचरा प्रोसेसिंग, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और नागरिक सहभागिता जैसे मानकों में भोपाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। गुरुनानक मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि




यह उपलब्धि भोपाल के लिए गर्व की बात है और शहरवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इस सफलता के पीछे शहर की सफाई टीम और नागरिकों की मेहनत और समर्पण है।

**आतिशबाजी और जश्न-**

शहरवासियों ने जमकर आतिशबाजी की और अपनी खुशी का इजहार किया। यह उपलब्धि भोपाल के लिए एक नई ऊंचाई है और शहरवासियों के लिए एक प्रेरणादायक क्षण है। इस अवसर पर भगवान्दास ढालिया, राजा शर्मा, मुकेश सोलंकी, सुनील सराठे, नरेंद्र ठाकुर, संदीप कल्याणे, नितिन बम्मन उपस्थित थे

इस अवसर पर जोन 05 स्वास्थ्य विभाग सहायक स्वास्थ्य अधिकारी आसिफ नजीर, प्रभारी दरोगा वार्ड 08 समीर अहमद, कर्मचारी रितेश, भगवान दास जोन सुपरवाइजर भूपेंद्र सिंह परिहार, विवेक, कर्मचारी नईम भाई, अमान,वाहन चालक सलमान, वीरेंद्र ,प्रभारी दरोगा वार्ड 22,लालमन जी कर्मचारी अमान,सुनील, मूलचंद सहित ज़ोन 5 के स्वच्छता सेवकों का सम्मान किया।

## नीति निर्माण में डेटा की भूमिका पर भोपाल में हुआ राउंडटेबल सम्मेलन

**भोपाल।** अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में प्रभावी नीति निर्माण के लिए राज्य सांख्यिकीय और डेटा प्रबंधन प्रणालियों को मजबूत करना विषय पर एक दिवसीय राउंडटेबल सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नीति निर्माण से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के संयुक्त निदेशक श्री विश्वजीत रायकवार ने मध्यप्रदेश में डेटा संग्रह, विश्लेषण और प्रकाशन की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने पर बल दिया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन यात्रा के दूसरे दिन ला केरूना पहुंचकर इंडीटेक्स कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

### प्रशिक्षण शिविर की तैयारी

# विधायकों को भावी जरूरतों के हिसाब से तैयार करेगी कांग्रेस

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

मप्र में कांग्रेस अपने विधायकों व पदाधिकारियों के नये तेवर व अंदाज देना चाहती है। सूबे में लगातार हार का मुंह देख रही कांग्रेस चुनाव के तीन साल पहले कई तैयारी कर रही है। इस कड़ी में मांडू में कांग्रेस के विधायकों को दो दिन तक ट्रेनिंग खासी महत्वपूर्ण है। अलग-अलग मामलों के एक्सपर्ट विधायकों को प्रशिक्षण देंगे। इस ट्रेनिंग कैम्प को नव संकल्प शिविर नाम दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की निगरानी में विधायकों की ट्रेनिंग होगी। इसके लिये विधायक 20 जुलाई को मांडू पहुंचेंगे। इसके बाद 21 और जुलाई को लगभग 12 सत्रों में विधायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।




### प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते महेन्द्र जोशी

जानकारी के मुताबिक सबसे पहले इस ट्रेनिंग का उद्देश्य, महत्व, विषय परिचय विधि और प्रतिभागी विधायकों से अपेक्षाओं के बारे में बताया जाएगा। इस सत्र को मप्र कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र जोशी संबोधित करेंगे। तीसरे सत्र में कांग्रेस की विचारधारा, पार्टी के इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन और आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी की भूमिका के बारे में बताया जाएगा। इस सत्र में स्वतंत्रता के आंदोलन से लेकर देश के विकास में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों और स्वतंत्रता के बाद से लेकर अब तक की चुनौतियों के बारे में बताया जाएगा। पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन इस सत्र को संबोधित करेंगी। भारतीय संविधान का महत्व और संविधान निर्माण में कांग्रेस की भूमिका पर चौथे सत्र में चर्चा होगी। पांचवां सत्र संगठन के महत्व पर केंद्रित होगा। संगठनात्मक कौशल और प्रक्रिया को भी विधायकों से साझा किया जाएगा। मौजूदा राजनीतिक चुनौतियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी चौधरी विधायकों के बीच रखेंगे। बताया जाता है कि प्रशिक्षण के छठवें सत्र में राहुल गांधी के जातिगत जनगणना के अभियान और उसके महत्व के बारे में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी संबोधित करेंगे। पटवारी बताएंगे कि जातिगत जनगणना के इस मूवमेंट पर पार्टी की मप्र में क्या रणनीति है और विधायकों को प्रदेश में जनता के बीच बताने पर चर्चा होगी।

### 20 जुलाई को पहुंचेंगे विधायक

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की निगरानी में विधायकों की ट्रेनिंग होगी। विधायक 20 जुलाई को मांडू पहुंचेंगे और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके बाद 21 और जुलाई को लगभग 12 सत्रों में विधायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**दूसरा सत्र :** ट्रेनिंग का उद्देश्य, महत्व, विषय परिचय विधि और प्रतिभागी विधायकों से अपेक्षाओं के बारे में बताया जाएगा। इस सत्र को मप्र कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र जोशी संबोधित करेंगे।

**तीसरा सत्र :** इस सत्र में कांग्रेस की विचारधारा, पार्टी के इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन और आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी की भूमिका के बारे में बताया जाएगा। इस सत्र में स्वतंत्रता के आंदोलन से लेकर देश के विकास में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों और स्वतंत्रता के बाद से लेकर अब तक की चुनौतियों के बारे में बताया जाएगा। पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन इस सत्र को संबोधित करेंगी।

**चौथा सत्र :** इस सत्र में भारतीय संविधान का महत्व और संविधान निर्माण में कांग्रेस की भूमिका पर चर्चा होगी।

**पांचवां सत्र :** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी इस सत्र में संगठन के महत्व को बताएंगे। विधायकों को यह बताया जाएगा कि वर्तमान में संगठन की क्या स्थिति है और भविष्य के लिए संगठन का निर्माण और विस्तार किस तरह किया जाना है। संगठनात्मक कौशल और प्रक्रिया को भी विधायकों से साझा किया जाएगा। मौजूदा राजनीतिक चुनौतियों और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी चौधरी विधायकों के बीच रखेंगे।

**छठवां सत्र :** इस सत्र में राहुल गांधी के जातिगत जनगणना के अभियान और उसके महत्व के बारे में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी संबोधित करेंगे। इस सत्र में पटवारी बताएंगे कि सामाजिक न्याय की अवधारणा पर राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को लेकर जिस तरह का मूवमेंट चलाया उस पर केन्द्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का निर्णय किया। जातिगत जनगणना के इस मूवमेंट पर पार्टी की मप्र में क्या रणनीति है और विधायकों को प्रदेश में जनता के बीच बताने पर चर्चा होगी।

### नवागत प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल के चुनौतीपूर्ण ग्वालियर से दौरे की शुरुआत के कई निहितार्थ

# पुराने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की कवायद में भाजपा



**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने प्रदेशभर के दौरे पर निकल गए हैं। उनके जिला संभाग और फिर प्रदेश स्तर पर किए जाने वाले दौरे तीन चरणों में होंगे। खंडेलवाल ने भाजपा के लिये सियासी नजरिये से महत्वपूर्ण ग्वालियर अंचल से इसकी शुरुआत की है और संभागीय बैठक में पार्टी के कामकाज की स्थिति को परखा है।**

दरअसल, यह इलाका भले ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और मप्र सरकार के चार मंत्रियों के प्रतिनिधित्व वाला है, लेकिन भाजपा को अक्सर यहां कांग्रेस से काफी जूझना पड़ता है। ग्वालियर अंचल में कांग्रेस के 17 विधायक है। ऐसे में, भाजपा यहां अपनी पैठ मजबूत करने के लिये सात साल से पसीना बहा रही है। खंडेलवाल जनसंघ के जमाने से सक्रिय पुराने कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें फिर सक्रिय करने की कोशिश में दिखे हैं। भाजपा को भीतर यह अहसास है कि अभी भी कई कार्यकर्ता व पुराने सहयोगी नेता खुद को हाशिए पर पा रहे हैं,लिहाजा भाजपा इन सभी को अंचल में सक्रिय करना चाहती है। ग्वालियर के बाद खंडेलवाल का अगला पड़ाव 19 जुलाई को जबलपुर में संभागीय बैठक का होगा। इसके बाद रीवा का रुख करेंगे।

गौरतलब है कि खंडेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ अपनी पहली बैठक में स्पष्ट कर दिया था कि वह संभागों का दौरा करेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी हिदायत दी थी कि वे भोपाल के पार्टी मुख्यालय में हर समय दिखने की बजाए अपने दायित्व के काम करें और संबंधित अंचलों में जाकर सक्रिय रहे।

### डिप्लोमा छात्रों के लिए राहत

# उत्तर पुस्तिकाओं को ऑनलाइन जांचेगा आरजीपीवी, जल्द आएंगे रिजल्ट

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**पॉलिटेक्निक कॉलेजों के डिप्लोमा स्टूडेंट्स के लिए राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अब उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ऑनलाइन करेगा। एकेडमिक काउंसिल ने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसमें डिप्लोमा इंजीनियरिंग के 60 हजार और फार्मेसी के 20 हजार छात्र शामिल हैं। अभी सरकारी कॉलेजों के शिक्षक अन्य कार्यों में व्यस्त रहते थे और निजी कॉलेजों के शिक्षक सीमित समय ही देते थे। इससे परिणाम एक से दो महीने तक लेट हो जाते थे।**

माना जा रहा है कि इस व्यवस्था के लागू होने से मूल्यांकन पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय होगा। इससे मूल्यांकन भी तेज होगा और देरी की समस्या भी खत्म होगी। विश्वविद्यालय अब योग्य मूल्यांकनकर्ताओं को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से जोड़ना चाहता है। इसके लिए एक समिति बनाई गई है जिसमें रजिस्ट्रार, कंट्रोलर, डिप्लोमा विंग के सचिव और विषय विशेषज्ञ शामिल हैं। समिति ऑनलाइन मूल्यांकन की विस्तृत गाइडलाइन तैयार





कर रही है। अगर यह मॉडल सफल रहा, तो भविष्य में इसे आरजीपीवी के अंडर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कोर्सेज में भी लागू किया जा सकता है। फिलहाल प्रदेश में केवल एमपी मेडिकल यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन मूल्यांकन हो रहा है, लेकिन वहां भी समय पर परिणाम नहीं मिल पा रहे। आरजीपीवी के जिम्मेदारों का कहना है कि एकेडमिक काउंसिल ने ऑनलाइन वेल्युएशन के लिए सहमति दी है। इसके लिये फिलहाल देश के अन्य विश्वविद्यालयों की प्रक्रिया को भी समझा जा रहा है, ताकि इसे प्रभावी और पारदर्शी बना सकें।

## ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम में 36 को प्रशिक्षण

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत विधि संकाय के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण के दौरान आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) राजीव कुमार टण्डन ने 17 जून, 2025 को प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ किया तथा अपने उद्बोधन में उपस्थित विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुये उन्हें पूर्ण लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया। प्रशिक्षण के प्रथम सप्ताह के दौरान राजेश गुरु, उप पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोग की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। संजय कुमार विश्वकर्मा, शोध अधिकारी द्वारा आयोग कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण व अध्ययन कराया गया। डी.एस. परमार (उच्च न्यायिक सेवा) उप सचिव, द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कुल 36 विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर ऋषि कुमार शुक्ला, पूर्व निदेशक, सी.बी.आई. भोपाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। ?

**भोपाल।** आयुक्त योजना आर्थिक सांख्यिकी ऋषि गर्ग ने सोमवार को कर्मचारी चयन मंडल द्वारा चयनित सहायक ग्रेड-3 तथा स्टेनो टायपिस्ट सहित कुल 41 कर्मचारियों को विभागीय कार्यों पर आधारभूत प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।



**मेट्रो एंकर**

### 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने SSRGSP का भ्रमण किया

# भारत-इथियोपिया कौशल सहयोग को मिलेगी नई दिशा

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

भारत-इथियोपिया कौशल विकास सहयोग को नई दिशा देने की मंशा से इथियोपिया का 10 सदस्यीय उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क (SSRGSP) पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल से औपचारिक मुलाकात की और मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मिल रहे सहयोग के लिए आभार जताया।

प्रतिनिधिमंडल ने परिसर का भ्रमण किया और यहां संचालित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा इथियोपिया में SSRGSP की तर्ज



पर एक आधुनिक, विश्वस्तरीय और रोजगारोन्मुख कौशल विकास संस्थान की स्थापना के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रतिनिधिमंडल में इथियोपिया के मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड स्किल्स, बायबोन कंसल्टेंट्स पीएलसी, टीएनटी कंस्ट्रक्शन एंड ट्रेडिंग तथा आर्किटेक्चर एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स पीएलसी जैसे संस्थानों से जुड़े अधिकारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल में आलेमायाहू वोयिमो कोमिबामो, गेतीनेट तिलाहुन गेडा, आमलाकू आलेबाच्यू अनले, तेस्फाये तिलाहुन येहुलावर्क, हबतामू देसालेग्न सिफिर, मेधाने गेब्रहीवोत गेब्रेसलासी, कस्साहुन मामो वोंडिमू, हाफतोम गेब्रेयेसुस काहासाय, अस्साये देस्ता तादेसे और किन्फे त्सिगे गेब्रेग्जियाबेर शामिल थे। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि इथियोपिया के प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क की अंतरराष्ट्रीय पहचान को और सशक्त करेगा। भारत और इथियोपिया के बीच व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में बहुआयामी सहयोग की संभावना है, जिसमें प्रशिक्षण आदान-प्रदान, शिक्षण सामग्री साझा करना, संयुक्त संस्थानों की स्थापना और उद्योग-अकादमिक सहभागिता जैसे पहलू शामिल हैं। राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि भारत इथियोपिया के युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

## बाबा महाकालेश्वर को अर्पित किए गए 1.35 लाख बिल्व पत्र



**नर्मदापुरम.** पतित पावनी मां नर्मदा तट पर साधनारत रहे महंत श्रीसरजू दास महत्यागी द्वारा उड़ीसा के कोटली मुंडा हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्ष सावन माह में श्री महाकालेश्वर बाबा को बिल्व पत्र अर्पित कर अनुष्ठान किया जाता है. इसी तारतम्य में सावन महीने में 135000 बिल्व पत्र अर्पित कर महाकालेश्वर बाबा की भक्ति करते हुए विश्व शांति की कामना की गई. इस अवसर पर महंत श्रीसरजू दास महात्यागी सहित ग्रामीण क्षेत्र के अनेक भक्त उपस्थित थे.

## महामंडलेश्वर स्वामी माधवानंद का निर्वाण महोत्सव



नर्मदापुरम। परम पूज्य प्रातः स्मरणीय वन्दनीय सदगुरु देव,माधव संन्यास आश्रम संस्थापक ब्रह्मलीन काशी कैलाश पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्री 108स्वामी माधवानन्द गिरिजी महाराज की चतुर्थ निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी शंकरानन्द गिरि ने बताया कि आज अभिषेक प्रातः 8 बजे से किया गया। फिर संगीत सभा तथा श्रध्दांजली सभा माधव संन्यास आश्रम, शनिवारा होली चौक नर्मदापुरम मे रखी गई।

## 19 को आरटीओ कार्यालय में होगी व्यवसायियों की बैठक

नर्मदापुरम. जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961 के अंतर्गत मोटर परिवहन कर्मकारों की स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कार्य की दशाओं से संबंधित प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक परिचर्चा 19 जुलाई 2025 को दोपहर 2:00 बजे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, नर्मदापुरम के सभाकक्ष में आयोजित होगी। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं श्रम विभाग, नर्मदापुरम द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। जिले के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से अनुरोध किया गया है कि वे कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता प्रदान करें।

## जिले के समस्त विकासखण्डों में आयोजित किए जाएंगे रोजगार कैंप

नर्मदापुरम. जिले में कमॉडेंट कार्यालय पुड़े द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। ये कैंप जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित किए जाएंगे। रोजगार कैंप का आयोजन प्रात- 10 बजे से लेकर शाम 04 बजे तक किया जायेगा। रोजगार कैंपों का आयोजन वि.ख. पिपरिया की जनपद पंचायत में 20 एवं 21 जुलाई 2025 को, वि.ख. सोहागपुर की जनपद पंचायत में 22 एवं 24 जुलाई 2025 को, वि.ख. सिवनी मालवा की जनपद पंचायत में 25 एवं 28 जुलाई 2025 को, वि.ख. केसला की जनपद पंचायत में 29 जुलाई एवं 04 अगस्त 2025 को, वि.ख. नर्मदापुरम की जनपद पंचायत में 05 एवं 06 अगस्त 2025 को, वि.ख. माखननगर की जनपद पंचायत में 07 एवं 08 अगस्त 2025 को, एवं वि.ख. बनखेड़ी की जनपद पंचायत में 11 एवं 12 अगस्त 2025 को किया जाएगा।

## सेन समाज ने किया नवागत थाना प्रभारी का सम्मान



**गंजबासौदा।** सेन समाज धर्मशाला में सेन समाज समिति द्वारा शहर कोतवाली नवागत टीआई संजय बेदिया का शाल श्रीफल से सेन समाज समिति के पदाधिकारियों एवं सामाजिक गणों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर प्रदेश महासचिव रामरतन सेन, संरक्षक सत्य प्रकाश सेन, मुकेश सेन वरिष्ठ समाजसेवी, सौदान सिंह, शिवनारायण सेन, मुकेश सेन ,रामबाबू , नारायण सेन, मनोज श्रीवास सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में नर तेंदुए की मौत

**नर्मदापुरम.** गत दिवस सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सोहागपुर उप ईकाई अंतर्गत उत्तर रानीपुर बीट (कक्ष क्रमांक 221), वनपरिक्षेत्र बागड़ा में एक नर तेंदुए की मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही एनटीसीए एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया। साथ ही डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं आस-पास के क्षेत्र में गहन छानबीन की गई। घटना के पश्चात तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मृत नर तेंदुए का पोस्टमार्टम किया गया था। पोस्टमार्टम के समय डॉ. वन्यप्राणी चिकित्सक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व गुरुदत्त शर्मा, प्राणी संरक्षण ट्रस्ट डॉ. प्रशांत देशमुख, शासकीय पशु चिकित्सक माखननगर डॉ. सिद्धार्थ बाडिवा उपस्थित रहे। पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। सहायक संचालक सतपुडा टाइगर रिजर्व ने बताया कि पोस्टमार्टम के पश्चात मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मृत तेंदुए के शव का विधिपूर्वक भस्मीकरण किया गया।

### बिना निरीक्षण के दी मान्यता बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

# ताक पर नियम: कहीं किराए के मकान तो कहीं खोलीनुमा कमरे में चल रहे निजी स्कूल

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर में संचालितकुछ प्राइवेट स्कूलों ने नियमों को ताक पर रख दिए हैं। इन स्कूलों में अच्छी शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से मनमानी फीस वसूल रहे हैं लेकिन सुविधाओं के मामले में शून्य है इन स्कूलों के पास न तो पर्याप्त भवन है न ही खेल मैदान। चंद कमरों में यह स्कूल संचालित है खास बात यह कि पोर्टल पर मनगढ़ंत जानकारी फीड कर विभाग के साथ - धोखाधड़ी भी की जा रही है। दरअसल पोर्टल पर दर्ज की गई जानकारी के उलट नजारा है।खेल मैदानों व बच्चों के बैठने वाले कक्षों की जानकारी जो पोर्टल पर थी वह पूरी तरह से गलत पाई गई। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों में स्कूल खुले हैं। जहां सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है।

निजी स्कूलों के संचालन में जरूरी मापदंड दरकिनार कर दिए गए हैं। परीक्षण के बिना ही ऐसे स्कूलों को मान्यता दी गई है वह मान्यता के निर्धारित 20 बिंदुओं का पालन नहीं कर रहे हैं। पोर्टल पर कई स्कूल संचालकों की गलत जानकारियां एकत्रित की है और खुलेआम पालक-अभिभावकों को गुमराह किया गया है बावजूद शिक्षा महकमा नियमों को अनदेखा कर संचालित होने वाले इन स्कूलों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

इन प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के मापदंड के अनुरूप निशक्त बच्चों के लिए रैप रेलिंग की व्यवस्था भी नहीं है नगर के कई नामी निजी स्कूल के भवनों में निश्शक्त बच्चों की जरुरी आवश्यकताओं के लिए यह सुविधा नहीं है इसके अलावा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए कमोड सिस्टम के शौचालय भी नहीं है बावजूद इन्हें मान्यता मिली हुई है।



### रहवासी मकानों में संचालित हो रहे स्कूल

तेन्दूखेड़ा नगर के कई निजी स्कूल ऐसे हैं जो रहवासी मकानों में संचालित किए जा रहे हैं। महज 1500 से 1 हजार वर्ग फीट के मकानों में विगत कई वर्षों से प्राथमिक शालाएं संचालित की जा रही है। ऐसे स्कूलों में बच्चों के लिए आरटीई के मापदंड के अनुरूप न ही पर्याप्त कमरे हैं और न कमरों का आकार मापदंड के अनुरूप है। खेल मैदान के लिए भी विद्यार्थियों को तरसना पड़ रहा है। वहीं सूत्रों की मानें तो ज्यादातर निजी स्कूलों के संचालक किसी न किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़े हुए हैं। इससे कई तरह के लाभ हैं। राजनीतिक पहुंच होने की वजह से अधिकारी ऐसे स्कूलों का निरीक्षण कर वास्तविकता जानने का प्रयास नहीं करते है। दूसरी ओर शासन से विभिन्न तरह से अनुदान लेने स्कूल के लिए राशि बटोरते हैं



### बीआरसी की अनुशंसा के बाद मान्यता

शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि निजी स्कूल संचालक द्वारा पोर्टल पर जो फार्मेट जमा किया जाता है उसकी हकीकत जानने के लिए संबंधित ब्लॉक के बीआरसी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी द्वारा मौका स्थल पर जाकर निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के बाद अनुशंसा देना होती है कि उक्त स्कूल आरटीई मापदंड का पूरा पालन कर रहे हैं कि नहीं। उनकी सहमती के बाद ही डीईओ कार्यालय से मान्यता के लिए आगे की कार्रवाई की जाती है। यहीं पर पूरा खेल होता है। निजी स्कूल संचालकों के विभिन्न प्रलोभन एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा दिए जाने के आश्वासन पर अभिभावक बच्चों का दाखिला कर देते हैं। बच्चों के स्कूल में प्रवेश लेने के बाद ही अभिभावकों से विभिन्न माध्यमों से मोटी फीस वसूलने का काम होता है

### ये मापदंड होना अनिवार्य

सुदीप त्रिपाठी बताते हैं कि कक्षा 1 से 8 वीं तक की मान्यता के लिए विद्यालय भवन 4500 वर्गफीट में होना अनिवार्य है। इसमें 2000 वर्गफीट का खेल मैदान तथा 2500 वर्गफीट में भवन होना चाहिए। इसके अलावा बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय, शुद्ध पेयजल के इंतजाम सहित अन्य सुविधाएं होना चाहिए। साथ ही लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, स्टाफ रुम, ऑफिस के लिए भी पृथक-पृथक से कक्ष होना चाहिए। यदि किसी विद्यालय में इन मापदंडो का पालन नहीं किया जा रहा है तो उसकी मान्यता निरस्त की जा सकती है इसके साथ ही अन्य कार्रवाई हो सकती है

### फॉर्मेट में कॉलम पूरे, हकीकत में शून्य

जबलपुर हाईकोर्ट के एडवोकेट संजय रजक बताते हैं कि निजी विद्यालयों को नवीन मान्यता प्राप्ति अथवा नवीनीकरण के समय शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाने वाला एक फार्म भरना होता है। जिसमें विद्यालय की संपूर्ण जानकारी फार्मेट में होती है। इसमें विद्यालय भवन के साथ संसाधन आदि के बारे में पूछा जाता है। निजी स्कूल संचालक मान्यता प्राप्ति के समय इन कॉलम को तो कूटरचित ढंग से पूरा कर देते हैं, लेकिन हकीकत में संसाधन उनके पास होते ही नहीं है और उनके इस घालमेल अफसर करते हैं। जिन्हें इन विद्यालयों के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी जाती है। निरीक्षण के दौरान यहीं अधिकारी इन स्कूलों के संचालकों को बचा लेते है

## बुजुर्गों के लिए आयुष्मान आरोग्य शिविर संपन्न

### 723 ने लोगों ने उठाया लाभ

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत गत दिवस जिले में 'बुजुर्ग और उपशामक स्वास्थ्य देखभाल' विषय पर आधारित आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। यह आयोजन संचालनालय आयुष , कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस.आर. करोंजिया के मार्गदर्शन में किया गया। शिविरों का आयोजन जिले के 12 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में किया गया, जिसमें 723 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं हीमोग्लोबिन की निःशुल्क स्क्रीनिंग की गई। इसी प्रकार आमवात, संधिवात (गठिया), प्रोस्टेट, मुख रोग, नेत्र विकार, त्वचा रोग एवं मानसिक विकारों के लिए औषधियाँ प्रदान की गईं। साथ ही रोगियों को योगाभ्यास की जानकारी भी दी गई। औषधीय पौधों जैसे हल्दी, नीम, करी पत्ता, जामुन, सहजन, घृतकुमारी की उपयोगिता बताते हुए नागरिकों को इन्हें अपने घरों में लगाने हेतु प्रेरित किया गया। वर्षा ऋतु जन्य व्याधियों से बचाव एवं उचित आहार-विहार की जानकारी दी गई। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु हल्दी, दालचीनी, अदरक, अजवाइन, सौंफ जैसे घरेलू मसालों के गुण बताए गए। नागरिकों को दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के विषय में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।



### अवैध मत्स्याखेट पर बड़ी कार्यवाही

## 790 किलो मछली जप्त 27 हजार में नीलाम



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर के निर्देशानुसार मछली पालन विभाग द्वारा 16 एवं 17 जुलाई को जिले में अवैध मत्स्याखेट एवं मत्स्य परिवहन के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत गठित दल द्वारा ग्राम डोंगरवाड़ा, सांवलखेड़ा, आंवलीघाट, खोकसर एवं तालनगरी सहित अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस दौरान 790 किलोग्राम मछली जप्त की गई, जिसे विधिसंगत प्रक्रिया के तहत 27 हजार 950 रुपए में नीलाम कर नीलामी में प्राप्त राशि को शासन मद में जमा कराया गया। सहायक संचालक मत्योद्योग ने बताया कि कार्रवाई के दौरान आस-पास के मत्स्याखेट एवं मत्स्य परिवहनकर्ताओं को जिला प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना की जानकारी दी गई तथा अवगत कराया गया कि बंद ऋतु में अवैध मत्स्याखेट या परिवहन करने पर मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विद्यार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे स्वयंसेविका गुंजन, रागनी द्वारा प्रस्तुत किया।

बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी भारती पंथी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश, बैच, प्रतीक चिन्ह ,प्रेरणा पुरुष, सिद्धांत वाक्य, अभिवादन और थीम के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा द्वारा एनएसएस के एबीसी प्रमाण पत्र योजना, विभिन्न शिविरों एवं एनएसएस पुरस्कारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। स्टेट कैंपर आयुषी दांगी ने अपने शिविर अनुभव साझा किये। पूजा अहिरवार ,सोनम अहिरवार, सपना साहू, श्रेया सिंह द्वारा देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्वयंसेवक अमित विश्वकर्मा ,महेंद्र पंथी ,गौरव शर्मा ,आकाश अहिरवार का विशेष सहयोग रहा।

**मैट्रो एंकर** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में छात्रा को प्रथम स्थान

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल की छात्रा कुमुद दांगी ने तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। गायत्री परिवार के सदस्यों ने स्कूल पहुंचकर छात्रा एवं सहयोगी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव का भी गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा विशेष अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार से जुड़े सुरेश सैनी एवं राकेश भारद्वाज ने अखिल भारतीय स्तर पर गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं छात्रों में भारतीय संस्कृति के मूल्यों को रोपित करने के लिए आयोजित परीक्षा का महत्व समझाया। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बताया कि उन्होंने छात्र जीवन में ही गायत्री परिवार के संस्थापक संत श्रीराम शर्मा आचार्य से दीक्षा लेकर उनके भारत के सनातन आदर्शों को स्वयं में उतारने का प्रयास किया और गुरुदेव की प्रेरणा से आदर्शों को समाज में उतारने के लिए सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल की स्थापना की ताकि आने वाली पीढ़ी में भारतीय संस्कृति और संस्कार रोपित किए जा सकें। इस दौरान गायत्री परिवार से आए सुरेश सैनी, राकेश भारद्वाज, रामकिशन सैनी, श्रीमती सुधा भारद्वाज, श्रीमती साधना सैनी, श्रीमती वंदना देवदास,सहित अन्य गायत्री परिवार के सदस्यों ने छात्रा कुमुद दांगी, शिक्षक दीपेश मीणा, कृष्णपाल सिंह चौहान, दिनकर कद्रे को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल परिवार से रजनी गुप्ता, गजेन्द्र सिंह दांगी, विक्रांत सोनी, सुपार्श्व जैन, आकाश साहू सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा।



## वार्ड 20 के स्वामी विवेकानंद उपवन में औषधीय पौधे रोपे

**इटारसी।** नगरपालिका वार्ड 20 में एक मॉडल उपवन बनाया जा रहा है। उपवन का नाम स्वामी विवेकानंद उपवन रखा है। इसमें विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों के साथ 28 पौधों का रोपण किया।

इस उपवन में खास बात यह है कि लगाए गए सभी पौधे औषधीय प्रकृति के हैं और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्वयं इस उपवन की देखरेख करने की जिम्मेदारी ली है। इस कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री मुकेशचंद्र मैना, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, भाजपा इटारसी मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, महामंत्री शैलेंद्र दुबे, पार्क के लिए जमीन पाने के लिए कानूनी लडाई लडने वाले वकील प्रशांत चौरे सहित अन्य मौजूद थे।

## विदेशों में पहचान बनाने वाले अप्रवासियों को मिले सम्मान



**खजुराहो।** दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर फ्रांस एवं इटली तथा मतँगेश्वर सेवा समिति खजुराहो के पंडित सुधीर शर्मा द्वारा यूरोप में एक विशेष अभियान की शुरुआत फ्रांस से की गई है । समिति द्वारा अप्रवासीय भारतीयों को भारत में सम्मान दिलाने का एक अभियान शुरु किया गया है। सुधीर शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि जो अप्रवासी भारतीय विदेशों मे भारतीय संस्कृति और कला की पहचान व सम्मान बनाए हुए उन्हें भारत मे विशेष सम्मान दिया जाए । इस कार्य के लिए भारत सरकार से आग्रह किया गया है । उन्होंने बताया कि फ्रांस में निवासरत अप्रवासी भारतीय रहीश भारती , फ्रांस जैसे देश में भारतीय संस्कृति ,ग्रामीण व क्षेत्रीय कला के प्रचार प्रसार के लिए कई साल से सक्रिय हैं। वह भारत के प्रवर्तक, भारत की लोक आत्मा को स्वर देने वाले एक सांस्कृतिक सेवक के रूप में जाने जाते है । उन्हें दूतावास के माध्यम से आग्रह कर भारत सरकार से सम्मान दिलाने की पहल होगी।

## भाजपा विधायक मेश्राम के खिलाफ मानहानि का केस

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले की देवसर विधानसभा से विधायक राजेन्द्र मेश्राम की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। विधायक राजेन्द्र मेश्राम के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट जबलपुर में मानहानि का मुकदमा दर्ज किया गया है। ये मुकदमा एक सरपंच ने दर्ज कराया है, जिसे एक साल पहले भरी सभा में भाजपा विधायक ने चोर कहा था। कोर्ट ने विधायक द्वारा बोले गए शब्दों को अपमानजनक माना है और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए कहा है। देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम के खिलाफ बंधा गांव के सरपंच देवेन्द्र पाठक ने जबलपुर एमपी एमएल कोर्ट में मानहानि का परिवाद दायर किया था। सरपंच देवेन्द्र पाठक सिंगरौली सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष भी हैं। कोर्ट में सरपंच देवेन्द्र पाठक ने उस भाषण की सीडी भी सबूत के आधार पर पेश की थी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 : 50 हजार से एक लाख जनसंख्या वाली परिषदों में उपलब्धि

# इटारसी ने लगाई बड़ी छलांग, प्रदेश में मिला पांचवा स्थान, नेशनल रैंकिंग में भी सुधार

**पुनीत मालवीया। इटारसी**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम में नगर पालिका इटारसी के प्रयासों को अच्छा परिणाम मिला है। इस बार इटारसी को प्रदेश में 5वां स्थान मिला है, जबकि नेशनल रैंकिंग 30 आई है। इस वर्ष नगर पालिका इटारसी के प्रयासों के चलते रैंकिंग में सुधार आया है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने नगर पालिका के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए शहर के नागरिकों को स्वच्छता मामलों में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है।

बता दें कि इटारसी शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों में 50 हजार से 1 लाख की आबादी वाले शहरों में मध्यप्रदेश में वन स्टार रैंकिंग के साथ पांचवा स्थान मिला है। शहर ओडीएफ डबल प्लस की श्रेणी में शामिल है।

दिल्ली की सर्वे टीम ने अप्रैल माह में शहर का बारीकी से सर्वेक्षण किया था। टीम ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई, घर-घर कचरा कलेक्शन, शौचालयों की स्थिति, आवासीय/व्यावसायिक काम्पलेक्स में स्वच्छता को परखा था। कचरा कलेक्शन के बाद जिलवानी में नगर पालिका द्वारा कचरे के सेगरीगेशन और ट्रिपल आर की स्थिति को देखा था। बाजार में डस्टबिन, पुलियाओं में जाली जैसी व्यवस्था को देखा और इसी आधार पर रैंकिंग तय की गई है।



> हम इस बार प्रदेश मे पांचवे नंबर पर आये है, वही देश मे भी रैंकिंग सुधरी है। नगर पालिका द्वारा स्वच्छता और सफाई को लेकर कई अभियान चलाये जा रहे हैं, अधिकारियों,कर्मचारियों से भी अब रैंकिंग में और आगे बढ़ने के लिए प्रयास करने की बात की जा रही है। सभी के मिलेजुले प्रयासों से जो सफलता मिली है उसके लिए सभी की सराहना करते हैं और हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि इटारसी नगरपालिका प्रदेश में पहले नंबर पर आए।
> **पंकज चौरे नगरपालिका अध्यक्ष**



**पिछले वर्ष से बेहतर:** पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सफाई व्यवस्था में बहुत अधिक सुधार आया है, यह सर्वे टीम ने देखा और उसी आधार पर रैंकिंग में भी उछाल आया है। पिछले वर्ष शहर की नेशनल रैंकिंग 3920 नगर पालिकाओं में 367 थी जो इस वर्ष 30 हो गयी। स्टेट में 346 नगर पालिकाओं में 177 नंबर पर थे, इस वर्ष 50 हजार से 1 लाख की जनसंख्या वाली नगर पालिकाओं में 5 वे नंबर पर हैं।

## चंदेलों की नगरी को चौथा छतरपुर को 12वां स्थान




**रवींद्र व्यास। छतरपुर**

विश्व विख्यात पर्यटक स्थल चंदेलों की नगरी कहे जाने वाले खजुराहो के नगरीय निकाय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 रैंकिंग में प्रदेश में और देश में 14वां स्थान हासिल किया है। वहीं छतरपुर ने प्रदेश में 12वां स्थान हासिल किया है। इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में खजुराहो ने राष्ट्रीय स्तर पर 14वां स्थान , तथा स्टेट में 28 वा 20 हजार से 50 हजार की कैटेगिरी में चतुर्थ स्थान हासिल किया है। सागर संभाग के खजुराहो में दूसरे स्थान पर रहा। छतरपुर नगरपालिका ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 18वीं रैंक, मध्यप्रदेश में 18वां स्थान, और 50 हजार से 3 लाख आबादी की श्रेणी में 12वां स्थान व सागर संभाग में इसी श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 12,500 अंकों की रैंकिंग में छतरपुर नगरपालिका को 10,276 अंक प्राप्त हुए। वर्ष 2023 में 89वीं राष्ट्रीय रैंक की तुलना में इस वर्ष 18वां स्थान हासिल किया।

# तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप अराजकता के खिलाफ लामबंद हुए वकील

**सिवनी मालवा। दोपहर मेट्रो**

तहसील कार्यालय मे फैली अराजकता और भ्रष्टाचार के खिलाफ स्थानीय अधिवक्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी सरोजसिंह परिहार के नाम ज्ञापन प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर जय सोलंकी को दिया। ज्ञापन में वकीलों ने कहा है कि अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जी बी यादव की नजूल सम्पत्ति पर उनका नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उनके निधन के बाद उनके दोनों पुत्रों जो स्वयं भी अधिवक्ता है के नाम पर फोती नामांतरण नजूल अधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहा है।

यह प्रकरण पिछले दो वर्षों से लंबित है। जिसमे सारी कानूनी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। इतना ही नही यादव के छोटे भाई अधिवक्ता हजारीलाल गुर्जर कई बार नजूल अधिकारी एवं उनके रीडर से मौखिक निवेदन कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी आज तक उक्त प्रकरण में आदेश पारित नहीं किया गया है। जब एक अधिवक्ता के प्रकरण मे यह स्थिति है तो अन्य सामान्य पक्षकारों के प्रकरणों की क्या स्थिति होगी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



ज्ञापन मे यह भी लेख किया है कि नजूल अधिकारी सहित तहसील के निम्न न्यायालयों मे आफ लाइन प्रकरण प्रस्तुत करने पर दर्ज नहीं किए जाते हैं। जिससे प्रकरणों का पता ही नहीं चलता है। अधिवक्ताओं को कोई संतुष्टिपूर्ण जबाब नही दिया जाता है। तहसील कार्यालय के किसी भी न्यायालय में बिना लेनदेन किये कोई काम नहीं किया जा रहा है। इसे भ्रष्टाचारी का अड्डा बनाया हुआ है। ज्ञापन मे अधिवक्ताओं ने मांग की है कि शासन के नियमानुसार नामांतरण, बंटवारा, फोती नामान्तरण के प्रकरणों को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया जाए। ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा, सचिव आदित्य ठाकुर, कोषाध्यक्ष मनीष गौर, ग्रंथपाल आदित्य असंगे, हजारीलाल गुर्जर, विनोद शर्मा, अजीत राजपूत, आनंद भार्गव, शेखर पुरोहित, सुनील यादव, प्रशांत गोस्वामी, आर के मालवीय, सुमित गेहलोत, सुनील चंद्रायन आदि शामिल थे।

### बुरहानपुर में विद्यार्थी परिषद ने किया हाइवे जाम

## छात्राओं के नाम बदले, वीडियो बनाकर प्रचार करवाया, स्कूल संचालक पर प्रकरण दर्ज

**बुरहानपुर। दोपहर मेट्रो**

बुरहानपुर में निमाड़ वैली इंटरनेशनल स्कूल के संचालक और कांग्रेस के पूर्व विधायक हमीद काजी के पुत्र नूर काजी पर गंभीर आरोप सामने आए हैं । आरोप है कि उन्होंने स्कूल परिसर में छात्राओं से जबरन युवक कांग्रेस की सदस्यता दिलवाकर, उनका नाम बदलकर मुस्लिम नामों से वीडियो बनवाए, और उन्हें सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए इस्तेमाल किया ।

**छात्राओं ने परिजनों से भी की थी मुस्लिम नाम रखे जाने की शिकायत**

यह पूरा विवाद युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान सामने आया है, जिसमें नजीर अंसारी नामक प्रत्याशी के पक्ष में कथित फर्जी वोटिंग कराई गई । नजीर अंसारी पूर्व में कांग्रेस छोड़कर एआइएमआइएम में शामिल हो चुके हैं और अब पुनः कांग्रेस में लौट आए हैं।

एबीवीपी नगर मंत्री प्रियांशु ठाकुर ने आरोप लगाया कि स्कूल में हिंदू छात्राओं पर दबाव डालकर मुस्लिम नामों से कांग्रेस के पक्ष में वीडियो बनवाए गए । इन वीडियो में बच्चियों से कहा गया कि 'तुम्हारा नाम फरज़ाना है, और बोलो कि कांग्रेस अच्छी पार्टी है ' परिजनों ने भी आरोप लगाया कि बच्चों ने घर आकर बताया कि स्कूल में बाहरी लोग आकर यह सब करवा रहे हैं ।

इस मामले में आक्रोशित एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने इंदौर इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग ( हाईवे ) पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा । प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम अजमेर सिंह गौड़ और सिटी मजिस्ट्रेट पहुंचे । प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर शांत कराया और जांच का आश्वासन दिया ।

गणपति नाका थाना प्रभारी सुरेश महाले ने पुष्टि की है कि मामले में शिकायत प्राप्त हुई है और जांच प्रारंभ कर दी गई है। शिकायत में नूर काजी के साथ-साथ युवक कांग्रेस प्रत्याशी नजीर अंसारी और अन्य अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है ।

उधर, स्कूल संचालक नूर काजी का कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं। विरोधी तत्व साजिश कर रहे हैं। एसडीएम अजमेर सिंह गौड़ ने कहा कि शिक्षा के स्थान पर यदि इस प्रकार की राजनीतिक गतिविधि संचालित की जा रही हैं तो यह बेहद गंभीर मामला है ।



कार्यकर्ताओं को समझाइश देकर हाइवे खुलवाने की कोशिश करते अधिकारी।

# नेशनल हाइवे पर ट्रक और बस की जोरदार भिड़ंत, चालक की मौके पर मौत, 25 घायल

**राजगढ़। दोपहर मेट्रो**

सरकार के जागरूकता अभियानों और ट्रैफिक पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद प्रदेश में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से आए दिन लोग सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। सड़क हादसों में असमय लोगों की मौतें भी हो रही है। ताजा मामला राजगढ़ जिले का है, जहां सड़क हादसे में बस चालक की मौत हो गई और 25 से ज्यादा यात्री घायल हैं। सभी घायलों को उपचारार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल घटना नेशनल हाईवे 52, बामलाबे के पास की है, जहां राजगढ़ से ब्यावरा जा रही साईं कृपा यात्री बस को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस पलट गई। हाईवे पर बने स्पीड ब्रेकर पर बस ड्राइवर ने ब्रेक लगाया तो पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बस चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।



### मानव तस्करी का मामला

## 20 बच्चों को कारखानों में धकेलने की थी तैयारी, आरपीएफ ने ट्रेन से उतारा

**विदिशा.** शहर में आरपीएफ ने मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक समर स्पेशल ट्रेन से 20 नाबालिग बच्चों सहित 34 लोगों को उतारा। विदिशा मानव तस्करी आधुनिक समाज की सबसे जघन्य और अमानवीय समस्याओं में से एक है। यह न केवल मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों को भी तार-तार करता है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन का एक्शन समय समय पर देखने को मिलता रहता है। ऐसा ही एक मामला विदिशा से सामने आया है। यहां आरपीएफ ने एक बड़ी कार्रवाई की। दरअसल, बुधवार सुबह-सुबह एक समर स्पेशल ट्रेन से कई लोगों को उतारा गया। इनमें डेढ़ दर्जन से ज्यादा नाबालिग बच्चे भी शामिल थे। शक है कि ये बच्चे मानव तस्करी का शिकार हो रहे थे। इन्हें बिहार से मुंबई ले जाया जा रहा था, जहां सूरत के कारखानों में उनसे काम करवाया जाना था। सोशल वेलफेयर सोसाइटी को मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

**मेट्रो एंकर**

### खोर गांव की महिलाओं का स्वसहायता समूह, पैड बनाने का काम शुरू कर बढ़ाया नारी स्वाभिमान

# सहयोग से बनाया समूह, अब आजीविका चलाने में सक्षम बनी महिलाएं

**नीमच। दोपहर मेट्रो**

कहा, जाता है कि हौंसला यदि बुलंद हो, तो कोई राह मुश्किल नहीं होती। इस बात को चरितार्थ किया है नीमच जिले की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने।

दरअसल, नीमच जिले के जावद तहसील के खोर गांव की महिलाओं ने एक स्वसहायता समूह बनाकर महिलाओं के सैनिटरी पैड बनाने का काम शुरू किया है। इसका नाम नारी स्वाभिमान रखकर महिलाओं के स्वाभिमान को बढ़ाने का काम किया है। वहीं महिलाओं के प्रयास से बने इस महिला स्व सहायता समूह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से और नए पंख लगे। जिससे आज इस समूह की महिलाएं ऊंची उड़ान भर रही हैं। इन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिली। आज इस समूह की महिलाएं बड़े पैमाने पर बाजार से कम दाम वाले बेहतरीन सैनिटरी पैड बनाकर अपनी ओर अपने परिवार की आजीविका चला रही है। इस संबंध में नारी स्वाभिमान स्व सहायता समूह की अध्यक्षा मोना खोईवाल ने बताया कि हम 12 महिलाओं ने मिलकर एक महिला स्व सहायता समूह बनाया और कोरोना काल में हमने पीपीई किट बनाई, हमें एनआरएलएम ( राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ) अंतर्गत तीन लाख रुपए का जो लोन हुआ था उससे हमने सैनिटरी पैड का काम शुरू किया। अब सभी महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम होकर आगे बढ़ रही हैं।



## मोनालिसा को देखने उमड़ी भीड़ हुई बेकाबू

**शिवपुरी।** प्रयागराज कुंभ में माला बेचने वाली मोनालिसा शिवपुरी जिले के पिछोर पहुंचीं, जहां उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े और पुलिस को व्यवस्था संभालनी पड़ी। मोनालिसा, जो अब फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं, लगभग डेढ़ घंटे तक रेस्ट हाउस में रहीं और फिर इटावा के लिए रवाना हो गईं, जहां वे अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग करेंगी। सोशल मीडिया पर यह खबर विधायक प्रीतम लोधी के समर्थकों ने तेजी से फैलाई, जिससे भीड़ बढ़ती गई। स्थिति को संभालने के लिए पिछोर पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। मोनालिसा को देखने काफी लोग पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे रेस्ट हाउस में ठहरने के बाद मोनालिसा कार में सवार होकर रवाना हो गईं। बताया जा रहा है कि वे इंदौर के महेश्वर से होते हुए पिछोर पहुंचीं थीं।





### भारतीय विमेंस की वनडे सीरीज में जीत के साथ शुरूआत

# पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया, दीप्ति शर्मा के नाबाद 62 रन

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में जीत के साथ आगाज किया है। साउथैम्पटन के रोज बाउल मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 258 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद भारतीय टीम ने इस टारगेट को 48.2 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर हासिल करने के साथ सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

इंग्लैंड की खराब शुरूआत इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही। भारतीय गेंदबाज क्रांति गौड़ ने 8 के स्कोर पर एमी जोंस को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। जोंस केवल एक रन ही बना सकीं। फिर 20 के स्कोर पर दूसरी ओपनर टैमी ब्यूमोंट को भी गौड़ ने छ्इह कर इंग्लैंड का दूसरा विकेट लिया। इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी हुईं। टैमी ब्यूमोंट के आउट होने के बाद तीसरे विकेट के लिए स्किवर ब्रंट और एमा लैंब ने 87 गेंदों पर 71 रन की साझेदारी की। स्किवर ब्रंट ने 52 गेंदों पर 41 रन और एमा लैंब ने 50 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। दोनों को स्नेह राणा ने पवेलियन भेजा। पांचवें विकेट के लिए सोफिया डंकली और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने 142 गेंदों पर 106 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 258/6 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### 37 गेंदों पर 55 रनों की पार्टनरशिप

सोफिया डंकली ने छठे विकेट के लिए सोफी एक्लेस्टोन के साथ 37 गेंदों पर 55 रन की भी साझेदारी की। डंकली ने 92 गेंदों का सामना कर 83 रन बनाए। जबकि एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने 73 गेंदों पर 53 रन और सोफी एक्लेस्टोन ने 19 गेंदों पर नाबाद 23 रन की पारी खेली। भारत की ओर से स्नेह राणा और क्रांति गौड़ ने दो-दो विकेट लिए। अमनजोत कौर और श्री चरानी ने एक-एक विकेट लिए। मंधाना और रावल ने भारतीय टीम को अच्छी शुरूआत दी भारत को स्मृति मंधाना और प्रतीक्षा रावल ने अच्छी शुरूआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी हुई। मंधाना 28 रन बना कर कैच आउट हो गईं। रावल भी टीम के 94 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गईं। उन्होंने 51 गेंदों का सामना कर 37 रन बनाए। दोनों ओपनर के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ाई गई, पर दीप्ति शर्मा ने पारी को संभाला। हरलीन देओल (27) रन बनाकर आउट हुईं और हरमनप्रीत कौर (13) को डीन ने छ्इह आउट किया। इसके बाद दीप्ति ने कमान संभाली।

### बिना एक्सपर्ट स्पिनर के मैच में उतरना बड़ी गलती तो नहीं?

# क्या टीम इंडिया को कुलदीप यादव पर करना चाहिए भरोसा, अब तक खेले हैं सिर्फ 13 टेस्ट

**नई दिल्ली , एजेंसी**

**रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद माना जा रहा था कि कुलदीप यादव को टीम में जगह मिलेगी। चौंकाने वाली बात यह है कि चाइनामैन कुलदीप यादव का टेस्ट डेब्यू 2017 में हुआ, लेकिन वो तब से अब तक भारतीय टीम की ओर से 13 टेस्ट मैच ही खेल पाए हैं, जहां उनके नाम 56 विकेट हैं।**

इंग्लैंड दौरे पर 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान हुआ। इस पूरे स्क्वॉड में कुलदीप यादव एकमात्र स्पेशलिस्ट स्पिनर हैं। लेकिन उनको मौका नहीं मिला, ऐसे में सवाल है क्या उनको टीम में ना चुनकर भारतीय टीम गलती तो नहीं कर रही है। कुलदीप यादव को इंग्लैड में खेलने का मौका नहीं मिला है। कुलदीप को लेकर केविन पीटरसन ने कहा था कि टीम में वेरिएशन की बहुत कमी है, और वही फर्क डाल सकती है। ऐसे में कुलदीप को खिलाना चाहिए। लेकिन अब तक कुलदीप बेंच पर बैठे हुए दिखे हैं।

**कुलदीप यादव को इंग्लैंड में क्यों नहीं मिला मौका?** - कुलदीप यादव स्थ्रह्न देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में ज्यादा अनुभव नहीं रखते हैं। कुलदीप ने ऑस्ट्रेलिया (सिडनी- 2019) में एक टेस्ट मैच खेलकर 5 विकेट (31|5-6-99-5) निकाले, जबकि 2018 के इंग्लैंड दौरे में उन्हें लॉर्ड्स में खेलने के मौका मिला था, जिसमें उन्हें एक भी विकेट (9-1-44-0) नहीं मिला। वहीं साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड में एक भी टेस्ट नहीं खेले हैं। विराट कोहली जब भारतीय टीम के कप्तान थे और रवि शास्त्री कोच थे, तब टीम इंडिया में 6 स्पेशलिस्ट और 5 स्पेशलिस्ट बॉलर वाला फॉर्मूला ज्यादातर टेस्ट में अपनाया गया। लेकिन राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा के दौर में ज्यादातर ऑलराउंडर्स को खिलाए गए, गंभीर जब कोच बने तब भी यही सोच बरकरार है। यही वजह कि कुलदीप यादव अश्विन के संन्यास के बाद जगह नहीं बना पा रहे हैं। वैसे कुलदीप को ना खिलाने की एक वजह इंग्लैंड की सीम और बाउंस वाली पिच हो सकती हैं, जहां पेसर ज्यादा प्रभावी होते हैं। लेकिन कुलदीप ऐसे स्पिनर हैं, जो किसी भी पिच पर मारक साबित हो सकते हैं।



### लीड्स में खेले टेस्ट में स्पिनर जडेजा का प्रदर्शन कैसा रहा?

लीड्स टेस्ट में भारत ने एकमात्र स्पिनर के तौर रवींद्र जडेजा को मौका दिया, जो ऑलराउंडर हैं। जडेजा ने 47 ओवर करवाए और उनको एक विकेट मिला, वहीं बल्लेबाजी में उन्होंने कुल 36 रन बनाए।

### सुंदर-जडेजा का बर्मिंघम-लॉर्ड्स में प्रदर्शन कैसा रहा?

बर्मिंघम में टीम इंडिया की स्पिन कमान वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा के हाथों में थी। सुंदर ने इस दौरान 54 रन बनाए और दोनों पारियों में 18 ओवर कर उनको 1 विकेट मिला। वहीं जडेजा को 32 ओवर्स में 1 विकेट मिला, हालांकि जडेजा ने दोनों पारियों में मिलाकर 158 रन बनाए। लॉर्ड्स में वॉशिंगटन सुंदर ने बतौर बल्लेबाज 23 रन बनाए, वहीं 22.1 ओवर्स कर उनको 4 विकेट मिले, सुंदर लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में विकेटहीन रहे थे, दूसरी पारी में उनके नाम 4 विकेट मिले थे। जडेजा ने इस टेस्ट में 133 रन बनाए, लेकिन 20 ओवर्स में उनको 1 विकेट भी मिला। यानी एक बात स्पष्ट है जडेजा का प्रदर्शन भले ही बतौर बल्लेबाज तो हिट रहा हो लेकिन वह गेंदबाजी में कोई चमत्कार?क प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।

### इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम


शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (उप-कप्तान/विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, करुण नायर, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

### प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नंबर-एक कार्लसन को हराया

# फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में 39 चालों में दी करारी मात, टूर्नामेंट में टॉप पर पहुंचे

**नई दिल्ली , एजेंसी**

**भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रज्ञानानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी।**




कार्लसन को प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकंड अतिरिक्त मिलते हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार हरा चुके हैं।

प्रज्ञानानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे- मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रज्ञानानंदा 4.5 पॉइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूनार्मेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ प्रज्ञानानंदा, कार्लसन को तीनों फॉर्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे।

चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रज्ञानानंदा-प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट की शुरूआत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे। प्रज्ञानानंदा ने यहां से अपनी लय को बरकरार रखते हुए तीसरे राउंड में काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया। वहीं अब वह फिर चौथे राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के साथ संयुक्त रूप से टॉप पोजीशन में पहुंच गए हैं।

# वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल संन्यास लेंगे

**नई दिल्ली , एजेंसी**

वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर आंद्रे रसेल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेंगे। उन्होंने ऐलान किया है कि वे जमैका के सबीना पार्क में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टी-20 मैचों के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 37 साल के रसेल 2019 से केवल टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं। रसेल ने कहा, वेस्टइंडीज के लिए खेलना मेरे लिए गर्व की बात रही है। बचपन में मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस मुकाम तक पहुंचूंगा। क्रिकेट से प्यार ने मुझे और बेहतर बनने की प्रेरणा दी। मैं चाहता था कि मैं वेस्टइंडीज की जर्सी में अपनी छाप छोड़ूं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनूं।



उन्होंने आगे कहा, %मुझे अपने घर में परिवार और दोस्तों के सामने खेलना बहुत पसंद है। मैं अपने करियर का अंत शानदार प्रदर्शन के साथ करना चाहता हूं और अगली पीढ़ी के लिए एक मिसाल बनना चाहता हूं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज 21 जुलाई से रसेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 टीम में शामिल किया है। 5 टी-20 मैचों की सीरीज 21 जुलाई से शुरू हो रही है। पहला और दूसरा मैच जमैका के सबिना पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा।

रसेल, निकोलस पूरन के बाद दो महीने में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे बड़े खिलाड़ी हैं। 9 जून से निकोलस पूरन ने भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से 7 महीने पहले संन्यास रसेल 2019 के बाद टीम में इकलौते ऐसे प्लेयर हैं, जो 84 से ज्यादा मैच खेल चुके हैं। वे 2026 में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से 7 महीने पहले संन्यास लेने जा रहे हैं। रसेल ने वेस्टइंडीज को 2 टी-20 वर्ल्ड कप जिता चुके हैं।

## मनोरंजन

### बॉलीवुड का कोना



# नॉर्मल डिलीवरी पर ऋचा चड्ढा की पोस्ट, यूजर को हुई परेशानी, एक्ट्रेस ने दिया जवाब

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा और अली फजल एक साल पहले पेरेंट्स बने थे। एक्ट्रेस ने बेटी को नॉर्मल डिलीवरी से जन्म दिया था। घंटों लेबर पेन के बाद नन्ही परी इस दुनिया में आई थी। हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर ऋचा ने अपना नॉर्मल डिलीवरी का दर्द बयां किया। पर देखते ही देखते वो अपनी इस पोस्ट को लेकर ट्रोल होने लगीं।

ऋचा ने पोस्ट में बेटी जुनैरा को पहले जन्मदिन की बधाई दी। इसके बाद अपनी नॉर्मल डिलीवरी को लेकर बात लिखी। ऋचा ने लिखा- थैंक्यू जूनी, हमारी जिंदगी में ढेर सारे रंग लाने के लिए। एक साल पहले मैंने एक हेल्दी बेबी गर्ल को ब्रीच कैंडी अस्पताल में जन्म दिया था। कुछ घंटों तक मुझे लेबर पेन होता रहा था। और फिर 20 मिनट में डिलीवरी हो गई थी। नैचुरल बथ।'उसके बाद से लाइफ बिल्कुल वैसी नहीं रही जो मैं तुम्हारे आने से पहले जी रही थी। मैं रीअरेंज महसूस कर रही हूं। दिमाग से, बॉडी से, दिल से और सोल से भी। जुनैरा तुम एक साल पहले इस दुनिया में आई थीं और मेरा भी दोबारा जन्म तुम्हारे साथ ही हुआ था। एक मां के रूप में। मैं एकदम नई सी हो गई थी, पहले जैसी बिल्कुल नहीं रही। एक लाइफ और बच्चा, उस शख्स के साथ जो तुम्हारे सपनों का शहजादा है, मेरे लिए ये एक ब्लेसिंग है। अगर ये ब्लेसिंग नहीं तो नहीं जानती क्या होती है। ऋचा की पोस्ट जब वायरल होने लगी तो उसपर कई महिलाओं ने और न्यूमॉम्स ने कॉमेंट किया।

## सान्या मल्होत्रा का बोल्ड अंदाज़!

# एक्शन-कॉमेडी में दिखेंगी नए व झन्नाटेदार अवतार में

**दंगल गर्ल अब दिखेंगी धमाल मोड में! सान्या मल्होत्रा ने अपने आने वाली एक्शन-कॉमेडी फिल्म में निभाए गए बोल्ड और हटके किरदार को लेकर दिल खोलकर बातें की हैं। इस फिल्म में उनका अंदाज़ होगा बिल्कुल नया – एनर्जी से भरा, झकास और ज़रा हटके। सान्या ने कहा, जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट सुनी, मेरे मन में बस एक ही बात आई - मुझे ये करना ही है!**



ये फिल्म एकदम quirky है, जबरदस्त एक्शन से भरी है और इसकी एनर्जी तो infectious है! सबसे मज़ेदार बात ये है कि मैं ऐसे ज़बरदस्त टीम का हिस्सा हूं जो ग्लोबल लेवल पर सोच रही है और कुछ बड़ा बनाने जा रही है। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं कि लोग देखें हमने क्या धमाका तैयार किया है! इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं कपिल शर्मा, और इसे प्रोड्यूस कर रहा है आगाज़ एंटरटेनमेंट। प्रोड्यूसर नीरज तिवारी बोले, ÷हमेशा से हमारा विश्वास रहा है कि दमदार कहानियों में बहुत ताकत होती है। इस फिल्म के ज़रिए हम एक फ्रेश और एंटरटेनिंग कहानी ला रहे हैं – और ये तो बस शुरुआत है! हम अपने पार्टनर्स आगाज़ और ट्रैवलिन' बोन के साथ मिलकर ये कर रहे हैं, और जब सान्या मल्होत्रा और कपिल शर्मा जैसी शानदार टीम साथ आती है - तो नतीजा धमाकेदार होना तय है! उन्होंने आगे कहा, ÷हम ऐसी फिल्में बनाना चाहते हैं जो सॉलिड सब्जेक्ट्स पर हों, ओरिजिनल हों और जिनसे ऑडियंस का दिल जुड़े। हमारी पूरी कोशिश है कि हम ऐसी कहानियां लाएं जो दिल से जुड़ें - यह तो सिर्फ आगाज़ है!

### बड़ी ही मजेदार है स्क्रिप्ट

डायरेक्टर कपिल शर्मा ने भी ज़ोरदार एक्साइटमेंट दिखाई, सान्या मल्होत्रा जैसी एक्सेप्शनल एक्ट्रेस के साथ काम करना बहुत एक्साइटिंग है। स्क्रिप्ट बड़ी ही मज़ेदार है, और इसे लिखा है टैलेंटेड नुपुर पाई ने। मुझे नीरज तिवारी, रैटपैक स्टोरीज़ और ट्रैवलिन' बोन जैसे ज़बरदस्त कोलैब से बहुत उम्मीदें हैं – और ये एक्शन-कॉमेडी को नए अंदाज़ में पेश करने जा रही है।



## मेट्रो बाजार

# भारतीयों ने दुबई, बाली और बैंकॉक की यात्रा के लिए कराई सबसे ज्यादा बुकिंग

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन होटल बुकिंग मंच ओयो के ऐप पर इस साल पहली छमाही (जनवरी-जून) के दौरान भारतीयों ने सबसे अधिक रुचि दुबई, बाली और बैंकॉक की यात्रा पर जाने में दिखाई है। 'ओयो ट्रैवलोपीडिया 2025' के अनुसार, आसान वीजा प्रक्रिया की पेशकश करने वाले इन देशों की बुकिंग में सालाना आधार पर 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दुबई बुकिंग में सालाना आधार पर तीन गुना वृद्धि के साथ सूची में शीर्ष पर रहा जबकि बाली में जोड़ों तथा हनीमून मनाने वालों द्वारा बुकिंग में वृद्धि दर्ज की गई। ओयो ऐप के माध्यम से की गई बुकिंग के लिए औसत यात्रा अवधि दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए पांच से सात दिन और पश्चिम एशिया के लिए तीन से पांच दिन थी, जबकि यूरोप एवं अमेरिका में लंबी दूरी के गंतव्यों के लिए 10-15 दिन की बुकिंग की गई। 'ओयो ट्रैवलोपीडिया 2025' ऐप के माध्यम से की गई 20,000 बुकिंग पर मिली प्रतिक्रियाओं पर आधारित है। ओयो ने कहा, '' रिपोर्ट में 2025 की पहली छमाही में भारतीय यात्रियों द्वारा वीजा की आसान प्रक्रिया वाले गंतव्यों की बुकिंग में 65 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का उल्लेख किया किया गया है, जो आसान वीजा नीतियों, बेहतर हवाई संपर्क तथा प्रीमियम अनुभवों के लिए बढ़ती मांग से प्रेरित प्राथमिकताओं में बदलाव को रेखांकित करता है।

# एचडीएफसी-एएमसी का मुनाफा जून तिमाही में 24% बढ़कर 748 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 24 प्रतिशत बढ़कर 748 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में संपत्ति प्रबंधन कंपनी का शुद्ध लाभ 604 करोड़ रुपये रहा था। एचडीएफसी एएमसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2025-26 की पहली तिमाही में उसकी परिचालन आय 25 प्रतिशत बढक़र 968 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 775.2 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की औसत प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एएयूएम) 8.3 लाख करोड़ रुपये रहीं, जबकि एक साल पहले यह 6.71 लाख करोड़ रुपये थीं। नतीजों के बाद, एचडीएफसी एएमसी का शेयर बीएसई पर 3.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52-सप्ताह के उच्चस्तर 5,547.50 रुपये पर पहुंच गया था।




**एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ जून तिमाही में चार प्रतिशत घटा**- एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में चार प्रतिशत घटकर 5,806 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि फंसे कर्ज में वृद्धि के कारण उसका शुद्ध लाभ घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 6,035 करोड़ रुपये रहा था। एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आमदनी बढक़र 38,322 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 35,844 करोड़ रुपये थी।

### ब्राह्मण समाज ने दी जन्मदिन की बधाइयां



वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिरोठिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र मिश्रा संगठन के पदाधिकारी के साथ पुष्प गुच्छ एवं भगवान श्रीपरशुरामजी का छायाचित्र देकर शुभकामनाएं ज्ञापित की।इस अवसर पर उनके मित्र शहर के उद्यमी धर्मेश गुप्ता और अरेरा कॉन्वेंट स्कूल के संचालक अशोक सोनी भी मौजूद थे ।

## ट्रेन में बीएसएफ जवान की जेब से मोबाइल चोरी

# छत्तीसगढ़ और कामायनी एक्सप्रेस के दो यात्रियों से मोबाइल झपटे

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की घटनाएं तो आम हो गई है, लेकिन अब झपटमारी की घटनाएं होने लगी है। बदमाशों ने मोबाइल झपटने की दो घटनाएं क्रमशः छत्तीसगढ़ और कामायनी एक्सप्रेस में की। इसके अलावा मालवा एक्सप्रेस में सफर करने के लिए ट्रेन में चढ़ रहे बीएसएस जवान की जेब से अज्ञात चोर ने मोबाइल चुरा लिया। जीआरपी ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**

जीआरपी भोपाल के मुताबिक ग्राम भीमखेड़ी थाना माहुलझिर जिला छिंदवाड़ा निवासी रामस्वरूप साहू (31) विगत 13 जुलाई को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से इटारसी की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वह कोच के गेट के पास खड़े हो गए। ट्रेन में भीड़ अधिक थी। भोपाल स्टेशन से ट्रेन के चलते ही रामस्वरूप ने ट्रेन का रनिंग स्टेटस देखने के लिए अपना



मोबाइल निकाला। तभी एक बदमाश आया और हाथ से मोबाइल झपटकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। रामस्वरूप ने इटारसी स्टेशन पर उतरकर जीआरपी थाना इटारसी में शिकायत दर्ज कराई। घटनास्थल भोपाल का होने के कारण जीआरपी भोपाल को केस डायरी भेजी गई है।

### मोबाइल झपटकर चलती ट्रेन से कूदकर भागा

जानकारी के अनुसार करौली राजस्थान निवासी मनीष सैनी विगत 10 जुलाई को कामायनी एक्सप्रेस के कोच एस-3 में बर्थ क्रमांक 77 पर रेलवे स्टेशन ठाणे से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रहे थे। अगले दिन 11 जुलाई की सुबह नींद लगने की वजह से वह रानी कमलापति स्टेशन पर नहीं उतर पाए। रानी कमलापति स्टेशन निकलते ही उनकी नींद खुली। उस समय ट्रेन की गति तेज थी। मनीष अपना मोबाइल निकालकर बर्थ के पास खड़े होकर अपने भाई से बात करने लगे। तभी 27-28 साल का एक युवक तेजी से झपटा और मनीष सैनी के हाथ से मोबाइल छीनकर चलती ट्रेन से कूद गया। उस समय ट्रेन धीमी हो गई थी और पांच मिनट बाद ही भोपाल स्टेशन आ गया। भोपाल स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन पहुंचकर मनीष ने मोबाइल झपटने की रिपोर्ट जीआरी थाने में दर्ज कराई।

### बीएसएफ जवान की जेब से मोबाइल निकाला

जीआरपी थाना भोपाल के मुताबिक शिवाजी नगर ब्यावरा राजगढ़ निवासी हेमंत शर्मा (35) के बड़े भाई कृष्ण गोपाल शर्मा बीएसएफ में जम्मू में पदस्थ हैं। विगत 14 जुलाई को रेलवे स्टेशन बैरागढ़ से जम्मू की यात्रा के लिए मालवा एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार हुए थे। ट्रेन में चढ़ते समय किसी अज्ञात चोर ने उनकी जेब से मोबाइल चुरा लिया। मोबाइल चोरी होने की सूचना कृष्ण गोपाल शर्मा ने सह यात्री के मोबाइल से अपने भाई हेमंत शर्मा को दी। इसके बाद जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई।

### कोलार डैम समेत वाटरफाल्स पर जाना प्रतिबंधित हुआ


**भोपाल।** राजधानी के कोलार डेम के अलावा सीहोर जिले के वॉटरफॉल, फॉरेस्ट एरिया, बैराज में बारिश के इन दिनों में भोपाल से बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंच रहे हैं। बारिश के दौरान इन स्थलों पर जलप्रवाह अचानक तेज हो जाता है। इससे कई बार सैलानी पानी में बह जाते हैं या फिसलन भरी चट्टानों से गिरकर घायल हो जाते हैं। लिहाजा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इन जोखिमपूर्ण स्थानों पर नागरिकों तथा सैलानियों का जाना प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध लोगों की जीवन सुरक्षा को देखते हुए लगाया है। कलेक्टर ने सभी लोगों को बारिश के दौरान अमरगढ़ वाटरफॉल, दिगंबर वाटरफॉल, कालियादेव वाटरफॉल, बुधनी मिडघाट फॉरेस्ट एरिया, कोलार डेम, झोलियापुर बैराज नहीं जाने की सलाह दी है।

## श्रध्दालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा पर रवाना



**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा डल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में 24वीं अमरनाथ यात्रा रवाना हुई। यह जत्था भोपाल रेलवे स्टेशन से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान ÷बम-बम भोले÷ के जयकारों से स्टेशन गूंज उठा। यात्रा में शामिल श्रद्धालु प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों बटेश्वर बाबा, मां वैष्णो देवी, शिव खोड़ी, बुढ़ा अमरनाथ के दर्शन करेंगे। यात्रा के प्रमुख समन्वयक राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा में भोपाल के प्राइवेट स्कूल संचालक, पतंजलि योग पीठ से जुड़े योगाचार्य, स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी तथा विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं शामिल हैं। दल में कुल 31 यात्री हैं। यात्रा में हर वर्ष की तरह इस बार भी बालयोगी शर्मा छोटे-छोटे कांवड़ियों के एक दल को अपने साथ लेकर यात्रा पर रवाना हुए।

## निजी कॉलेज के बीटेक छात्र ने फांसी लगाकर दी जान



**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कर्मवीर नगर में निजी कॉलेज के बीटेक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। बिहार से परिजन के लौटने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। फिलहाल आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। प्रधान आरक्षक दीपक टिटारे ने बताया कि गोल्डन कुमार शाह पिता बृजेश शाह (20) मूलतः बिहार का रहने वाला था और कर्मवीर नगर पिपलानी में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। वह रातीबड़ स्थित निजी कॉलेज से बीटेक सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। उसके पड़ोस में रहने वाले छात्रों ने मकान मालिक को गुरुवार शाम करीब साढ़े तीन बजे सूचना दी थी कि गोल्डन का कमरा सुबह से नहीं खुला है। मकान मालिक का बेटा कर्मवीर नगर पहुंचा। उसने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो गोल्डन का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## कंटेनर ने गश्त कर रहे कांस्टेबल की बाइक को मारी टक्कर, करीब बीस मीटर तक घसीटा

**निजी अस्पताल में चल रहा इलाज, बांया पैर बुरी तरह से कुचला, सिर में भी गंभीर चोट**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा बायपास पर गुरुवार तड़के गश्त कर रहे हेड कांस्टेबल की बाइक को कंटेनर ने टक्कर मार दी। कंटेनर के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक कंटेनर चलाकर उन्हें बाइक सहित करीब बीस मीटर तक घसीटा है।**

इससे उनका बांया पैर बुरी तरह से कुचल गया, जबकि सिर के अलावा शरीर में अन्य जगह गंभीर चोट आई है। हादसा पास ही मौजूद ढाबा के कर्मचारियों के सामने हुआ। ढाबा के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी थी। गंभीर रूप से घायल प्रधान आरक्षक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार राहुल सूरतिया लांबाखेड़ा बायपास चौराहा



पर चौरसिया ढाबा व रेस्टोरेंट के संचालक हैं। गुरुवार तड़के सवा तीन बजे के आसपास वे ढाबा के पास खड़े थे।

इसी बीच इंदौर-मुबारकपुर चौराहा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार में आइशर कंपनी के कंटेनर के चालक ने लापरवाही से कंटेनर चलाते हुए ढाबा के सामने थाने की चार्ली पर गश्त कर रहे पुलिसकर्मी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कंटेनर के सामने वाले पहिये में पुलिसकर्मी और बाइक करीब बीस मीटर तक घसीटती हुई गई। ढाबा संचालक अपने दो कर्मचारियों के साथ दौड़कर कंटेनर की तरफ भागे।

तब तक कंटेनर का चालक कंटेनर खड़ा कर भाग चुका था। पास जाकर देखने पर पता चला कि जिन्हें टक्कर मारी गई है। वे ईटखेड़ी थाने में हेड कांस्टेबल गोविंद पटेल गोविंद पटेल है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। नाइट अधिकारी एसआई नवीन कुमार मौके पर पहुंचे और लहूलुहान स्थिति में हेड कांस्टेबल गोविंद पटेल को निजी अस्पताल ले गए।

### बांया पैर बुरी तरह से जख्मी

जिस समय हेड कांस्टेबल पटेल को सड़क से उठाया जा रहा था। उस समय उनका पैर लटक गया था। दरअसल, पैर बुरी तरह से कुचला गया है। इसके अलावा सिर औश्र सीने में गंभीर चोट आई है। घटना से कुछ देर पहले उनके साथ नाइट गश्त में आरक्षक भी था।

अमूमन आरक्षक ही चार्ली की बाइक चलाता था और हेड कांस्टेबल पटेल बाइक पर पीछे बैठकर गश्त करते थे। आरक्षक को जबलपुर हाईकोर्ट काम से जाना था और उसने देर रात तक गश्त की। इसके बाद ट्रेन से जबलपुर के लिए निकल गया। इधर घटना के समय वह अकेले ही इलाके की गश्त कर रहे थे, तभी उनके साथ हादसा हो गया।

## लावारिस कार में मिला पांच बोरियों में रखा प्रतिबंधित मांस



भोपाल, दोपहर मेट्रो

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित इमलिया बायपास पर गुरुवार सुबह लावारिस हालत में खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार में प्रतिबंधित मांस मिलने पर बजरंगियों ने जमकर हंगामा किया।

बजरंगियों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार सहित मांस जब्त कर फॉरेंसिक लैब भेज दिया है। कार महाराष्टः पासिंग है और पुलिस कार मालिक का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार सुबह करीब 8 बजे बजरंग दल कार्यकर्ता गोलू और आशीष को सूचना मिली कि ग्राम इमलिया बायपास रोड पर एक स्विफ्ट डिजायर कार लावारिस हालत में खड़ी है और उसमें बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस रखा है। सूचना मिलते ही दोनों बजरंग दल कार्यकर्ता अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही

**हिंदू संगठन का हंगामा, पुलिस ने जब्त कर फएसएल भेजा मांस**

पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। कार में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। तलाशी लेने पर कार से पांच बोरी प्रतिबंधित मांस रखा मिला। पुलिस ने मांस जब्त कर जांच के लिए एफएसएल के हवाले कर दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पुष्टि हो सकेगी कि बरामद मांस वाकई प्रतिबंधित मांस है अथवा नहीं। कार महाराष्ट्र पासिंग बताई जा रही है। गाड़ी के नंबर के आधार पर उसके मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने फिलहाल कार चालक के खिलाफ गौवंश अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

**मेट्रो एंकर** हजारों छात्र-छात्राओं सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान: स्कूल कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर किया जागरुक

भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रदेश में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत राजधानी पुलिस ने जन संवाद आयोजित किए। इसमें छात्र छात्राएं और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। संवाद के दौरान थाना प्रभारी और स्टॉफ द्वारा विद्यार्थियों और स्कूल स्टॉफ को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। साथ ही नशे के खिलाफ अभियान में भागीदारी निभाने के लिए अपील की। नशे से दूरी वाले पोस्टर वितरित किए गए और नशा से दूरी बनाने शपथ दिलाई। तलैया के शासकीय हमीदिया बालक हायर सेकेंडरी स्कूल गिन्नौरी में थाना प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों तथा स्कूल स्टॉफ को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया



तथा नशे के खिलाफ शपथ दिलाई गई। थाना स्टेशन बजरिया क्षेत्र में बाल भारती पश्चिम मध्य रेल स्कूल में नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्र छात्राओं को लघु फिल्म दिखाई जाकर जागरूक किया गया तथा शपथ दिलाई गई जिसमें करीब 200 छात्र व शिक्षक उपस्थित हुए। यहां हुए कार्यक्रम आयोजित अवधपुरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (खजूरी) में विद्यार्थियों के साथ नशा मुक्ति पर विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों से संवाद किया गया, जिसमें उन्होंने नशा न करने के कारणों पर प्रकाश डाला गया। नशा करने से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। थाना कोतवाली क्षेत्र में रफीकिया स्कूल में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशा छोड़ने के लिए सहायता प्राप्त करने हेतु हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए। बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और माता-पिता की बात मानने की प्रेरणा दी। गांधीनगर क्षेत्र में अभियान के अंतर्गत शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल कार्यक्रम किया गया। थाना गौतम नगर के शासकीय नवीन हाई स्कूल आरिफ नगर में स्कूल में बच्चों को नशा मुक्ति के संबंध में व्याख्यान दिया गया नशा से होने वाले नुकसान व व्यक्तिगत और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। इंजीनियरिंग कॉलेज में भी व्याख्यान स्कोप इंजीनियरिंग कॉलेज मिसरोद भोपाल में स्कूल में बच्चों को नशा मुक्ति के संबंध में व्याख्यान दिया गया नशा से होने वाले नुकसान व व्यक्तिगत और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में बताया गया तथा नशा मुक्ति से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

## हमीदिया अस्पताल में भर्ती मरीज ने वीआईपी रोड से तालाब में लगाई छलांग

**अंधेरो होने तक खोजते रहे गोताखोर और एसडीईआरएफ की टीम, नहीं लगा सुराग**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

हमीदिया अस्पताल में भर्ती एक मरीज ने आत्महत्या करने की नीयत से गुरुवार दोपहर वीआईपी रोड से बड़े तालाब में छलांग लगा दी। युवक के तालाब में कूदने की जानकारी मिलते ही कोहेफिजा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और नगर निगम के गोताखोरों के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद भी जब युवक का पता नहीं चला तो एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया।

टीम ने भी अंधेरा होने तक खोजबीन की लेकिन सुराग नहीं लग सका। शुक्रवार सुबह दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

थाना प्रभारी केजी शुक्ला ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने व्हीआईपी रोड से बड़े तालाब में छलांग लगा दी है। उसके हाथ और सिर में पट्टियां बंधी थीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत गोताखोरों की मदद से सर्च अ ायान शुरू किया।

दूसरी ओर युवक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए हमीदिया अस्पताल से जानकारी जुटाई गई। अस्पताल से पता चला कि रामदयाल पुत्र बल्ला सिंह (37) नाम का युवक बर्न वार्ड में भर्ती था। परिजनों के अनुसार वह शराब पीने का आदी था और इसी लत से परेशान होकर कुछ दिन पहले उसने खुद को आग लगा ली थी।

गंभीर रूप से झुलसने पर उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस को आशंका है कि इलाज के दौरान ही रामदयाल अस्पताल से निकला और आत्महत्या करने की नीयत से व्हीआईपी रोड पहुंचा।

पुलिस का कहना है कि अंधेरो होने की वजह से सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया है। शुक्रवार सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू किया गया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022